18- APR- BSP- P-1 Jacket_Layout 1 4/18/2025 8:34 PM Page 1

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 19 अप्रैल 2025
बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया

DHEERAA

*Launching*

SKYLLA

SO CLOSE YET SO FAR

Premium 3 BHK Apartments

Beside Jain International School, Sakri Road, Bilaspur (C.G.)

19th & 20th April' 25 | 10Am Onwards

Exclusive 10+ Amenities

Modern & Vastu Compliant Design

Paranomic View Apartments

PCGRERA1103250001892







77999- 57000

AdPRAYAS

18 APRIL- BSP-PG-2_Layout 1 4/19/2025 12:47 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### सीएमडी में बीजेपी नेता छात्रों और बुद्धिजीवी वर्ग से करेंगे चर्चा आज

**बिलासपुर।** वन नेशन वन इलेक्शन पर शनिवार को दोपहर 12 बजे सीएमडी कालेज आडिटोरियम में संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बीजेपी के दिग्गज कालेज स्टूडेंट्स से विचार-विमर्श करेंगे। इस संगोष्ठी में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय भाग लेंगे। देश में इन दिनों वन नेशन वन इलेक्शन पर चर्चा होना आम बात है। बहुत से लोगों को लगता है कि बार बार होने वाले चुनाव खर्चीले होने के साथ ही देश में राजनैतिक अस्थिरता पैदा करने वाली होती है और इससे सरकारें हमेशा दबाव में रहती हैं। इस चर्चा को आगे बढ़ाते हुए संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों प्राध्यापक और सामाजिक संगठनों प्रमुखों को आमंत्रित किया गया है। भाजपा जिला शहर के अध्यक्ष दीपक सिंह ने बताया कि हमें समय के अनुसार देशहित में आवश्यक बदलाव के दिशा में सोचना चाहिए। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि बदलते भारत में युवाओं के साथ समाज के बुद्धिजीवी वर्गों की भूमिका महत्वपूर्ण है। अतः भविष्य में होने वाले बड़े बदलाव में उन्हें सहभागी बनाना, उनके अभिमत जुटाना लोकतांत्रिक प्रक्रिया के महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इस लिहाज से वन नेशन वन इलेक्शन पर देश का युवा उद्यमी और बुद्धिजीवी वर्ग क्या सोच रखते हैं, यह जानना जरूरी है। संगोष्ठी में बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह सहित जिलाध्यक्ष ग्रामीण मोहित जायसवाल उपस्थित रहेंगे।

### मृतक रेलकर्मी की पत्नी को 10 लाख का बीमा दावा भुगतान



**बिलासपुर।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में दिवंगत रेल कर्मचारी की पत्नी श्रीमती दया मिश्रा को 10 लाख रुपए की बीमा राशि प्रदान किया गया। यह राशि एसबीआई रेलवे सैलरी पैकेज के तहत दिया गया है। कार्यक्रम में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी डॉ.अंशुमान मिश्रा, मंडल कार्मिक अधिकारी रूहीना तुफैल खान, एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक आशीष कुमार गौतम, क्षेत्रीय कार्यालय से ब्रजेश गुप्ता और अंकुश गुप्ता आदि मौजूद थे।

### मशीनों से ट्रैक रखरखाव के कार्यों में प्रगति




**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में ट्रैक मशीनों से ट्रैक रखरखाव के कार्यों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। एसईसीआर करीब 5500 ट्रैक किलोमीटर रेल मार्ग पर प्रतिदिन औसतन 400 से अधिक ट्रेनों का संचालन करती है। इतनी बड़ी संख्या में ट्रेनों के परिचालन के कारण रेल पटरियों का समय-समय पर रखरखाव एवं मरम्मत कार्य अत्यंत आवश्यक हो जाता है। रेल अफसरों के अनुसार रेल लाइन केवल लोहे की दो पटरियों को गिट्टी पर बिछाने से नहीं चलती, इनके संरक्षित संचालन हेतु उच्च स्तर का तकनीकी रखरखाव जरूरी होता है। रेल परिचालन जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही आवश्यक रेल ट्रैक का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण अनुरक्षण, जो संरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। संरक्षा एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रैक के रखरखाव में अत्याधुनिक मशीनों का प्रयोग किया जा रहा है। यह मशीन न केवल कार्य को आसान व संरक्षित बनाती है, बल्कि लागत से कम करती है और ट्रैक कर्मियों की संरक्षा को भी सुनिश्चित करती है। वर्तमान में 84 ट्रैक मशीन से जोन की तीसरी और चौथी लाइन, नई लाइन निर्माण एवं कार्यरत लाइनों के अनुरक्षण किए जा रहे हैं। नागपुर से झारसुगुड़ा मेन लाइन पर ट्रेनों की गति अब 130 किलोमीटर घंटा तक पहुंच चुकी है, जिससे उच्च गति ट्रेनों के अनुरूप ट्रैक रखरखाव और अभी महत्वपूर्ण हो गए हैं। ट्रैक मशीनों में प्रमुख रूप से सीएसएम, ड्यूमेटिक, एमपीटी, यूनिमेट, एफआरएम, बीआरएम, बीसीएम, पीक्यूआरएस, टी 28 आदि शामिल हैं।

### बृजमोहन ने जम्बूरी की तैयारी के लिए समिति गठन करने दिए निर्देश




**बिलासपुर।** बुधवार को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य कार्यकारणी की बैठक अध्यक्ष व सांसद बृजमोहन अग्रवाल के मुख्य अभ्यागत में हुई। श्री अग्रवाल ने प्रस्तावित डायमंड जुबली जम्बूरी का समापन 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी तथा प्रथम विश्व गर्ल गाइड जम्बूरी के आयोजन को लेकर समिति बनाने के निर्देश दिए। बैठक में श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रस्तावित जम्बूरी की तमाम व्यवस्थाओं को न केवल भव्य बल्कि सुव्यवस्थित बनाना होगा। इसके लिए अभी से व्यवस्थागत टीमों का गठन कर तैयारी शुरू की जाए। टीम में स्काउट गाइड के पदाधिकारी, लीडर्स के अलावा डीईओ, प्राचार्यों को भी सम्मिलित किया जाए। श्री अग्रवाल ने जिलों के निष्क्रिय पदाधिकारी, लीडर्स को हटाने और उनके स्थान पर ऊर्जावान लोगों को नियुक्त करने कहा। उन्होंने कहा कि जो जिले और ब्लाक स्काउटिंग में कमजोर है, ऐसे जिलों और विकासखंड को सक्रिय करने की जवाबदारी राज्य व जिलों के दक्ष और सक्रिय पदाधिकारियों को दी जाए। राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव ने बताया कि राज्य पुरस्कार एवं अलंकरण समारोह 23 अप्रैल को प्रस्तावित है। कोषाध्यक्ष मुरली शर्मा ने वित्त वर्ष 2024- 25 का आय- व्यय प्रस्तुत किया। बैठक में राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, राज्य आयुक्त (गाइड) प्रतिमा ठाकरे झा, राज्य आयुक्त (वयस्क संसाधन) देवेंद्र साकरे, राज्य सचिव कैलाश सोनी, राज्य संयुक्त सचिव शिवांगी गनवीर, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त द्वय शैलेन्द्र मिश्रा, सरिता पाण्डेय, राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) विजय यादव आदि मौजूद थे।

लेबर रूम में सीएसआर मद से लगेगा एसी

कलेक्टर ने लिया जायज़ा, एक महीने में कार्य पूर्ण करने दिए निर्देश

# सीपत, मस्तूरी, मल्हार के अस्पतालों का हो रहा कायाकल्प

**बिलासपुर।** सीपत, मस्तूरी, मल्हार जैसी दूरस्थ ग्रामीण अस्पतालों का कायाकल्प होने लगा है। सीएसआर, डीएमएफ आदि मंदों का इस्तेमाल कर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती दी जा रही है। कलेक्टर अवनीश शरण इसकी सतत निगरानी कर रहे हैं।

श्री शरण ने शुक्रवार को दौरा कर सीपत, मस्तूरी और मल्हार के अस्पतालों में चल रहे निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने एक माह में शेष निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को जीवनदीप समिति की बैठक लेकर अस्पतालों की दिक्कतों को दूर करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्यालय सीपत में रहने वाली दो स्वास्थ्य कर्मियों को परिसर में निर्मित नया आवास तत्काल आबंटित कर दिए। उन्हें



सामान शिफ्ट कर रहना शुरू करने कहा ताकि मरीजों की और अच्छे से देखभाल की जा सके। इस अवसर पर एसडीएम प्रवेश पैकरा, सीएमएचओ डॉ. प्रमोद तिवारी, ई ई लोक निर्माण चैन सिंह विंध्यराज, सीईओ जे आर भगत भी उपस्थित थे। कलेक्टर ने सीपत से दौरे की शुरुआत की। लगभग 57 लाख की लागत से सीपत पीएचसी का कायाकल्प हो रहा है। ग्राम पंचायत, लोक निर्माण विभाग और सीजीएमएससी मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने विभिन्न वार्डों को देखा। सीएसआर मद से लेबर वार्ड में भी एसी सुविधा देने के निर्देश दिए। प्रतीक्षा कक्ष में कुर्सी लगाने कहा। परिसर में निर्मित कुछ कर्मचारी आवासों के सुधार करने को भी कहा। अब तक हो चुके कामों की जानकारी ली। प्रति माह इस पीएचसी में लगभग 65 डिलीवरी होती है, जो अच्छी प्रगति है।

कलेक्टर ने एनक्यूएएस प्रमाण पत्र हासिल करने की तैयारी रखने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर सीपत में ही बन रहे 50 सीटर कन्या छात्रावास देखने पहुंचे। सीएसआर मद से 80 लाख रुपए में इसका निर्माण किया जा रहा है। धीमी प्रगति पर नाराज़गी दिखाते हुए 1 माह में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### पुराने जर्जर हो चुके भवन को डिस्मेंटल करने दिए निर्देश

मस्तूरी में 1.93 करोड़ की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का नया भवन बनाया जा रहा है। काम की गति तेज करने को कहा। उन्होंने पुराने जर्जर हो चुके भवन को डिस्मेंटल कर पार्किंग और गार्डन विकसित करने के निर्देश दिए।

### मल्हार के अस्पताल में भर जाता है बारिश का पानी

कलेक्टर ऐतिहासिक नगरी मल्हार पहुंचे। यहां अस्पताल में बरसात के मौसम में पानी भर जाता है। इसके निदान के निर्देश सीएमओ और एसडीएम को दिए। डॉग बाइट के 4-5 प्रकरण रोज अस्पताल पहुंच रहे है। एंटी रेबीज इंजेक्शन मौजूद हैं। अस्पताल तक पहुंचने का मार्ग काफी जर्जर हो चुका है। कलेक्टर ने इसके जीर्णोद्धार का प्रस्ताव देने के निर्देश दिए।

शहर से 22 किलोमीटर दूर स्थित है तालाब, तालाब के पानी में हैं औषधीय गुण

# सागर तालाब कभी नहीं रहा सूखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भीषण गर्मी की चपेट में आकर एक ओर जहां नदी-नाले, बोर, हैंडपंप, तालाब और यहां तक कि बांध भी सूख चुके हैं। वहीं दूसरी ओर सागर तालाब में जलभराव लबालब है। ग्रामीणों का कहना है कि बीते सैकड़ों सालों में भी इस तालाब के सूखने का इतिहास नहीं रहा है। क्षेत्र के करीब आधा दर्जन गांव आज इसी तालाब के भरोसे निस्तारी कर रहे हैं।

- बारहों मास लबालब रहता है जलभराव

जला देने वाली भीषण गर्मी के प्रभाव से लगातार सूखते जलस्त्रोत साल दर साल एक विकराल समस्या का रूप ले रहे हैं। ऐसे में किसी ऐसे जलस्त्रोत का पता चले जो सैकड़ों वर्षों में कभी सूखा ही न हो तो यह न केवल चौंकाने वाला, बल्कि प्रसन्नता का विषय भी हो सकता है।

शहर से बाईस किलोमीटर की दूरी पर तखतपुर विकासखंड में स्थित ग्राम पंचायत सागर का सागर तालाब ऐसा ही एक तालाब है, जो आज तक कभी नहीं सूखा। गांव के बड़े-बुजुर्गों के अनुसार उन्हें अपने दादा-परदादाओं के मुंह से कभी भी इस तालाब के सूखने की जानकारी नहीं मिली है। वर्तमान में आसपास के तालाबों में पानी नहीं होने के कारण लााखासर, कुरेली, केकराड़ व खजरी सहित आसपास के आधा दर्जन गांवों के लोग यहां स्नान करने प्रतिदिन पहुंचते हैं। चौबीस एकड़ में फैले इस तालाब को माता का दर्जा देकर यहां के लोग पूजा करते हैं। इसके गुणों एवं जनभावना की जानकारी सरकार को भी है। लिहाजा सरकार ने भी इसके उन्नयन के लिए काफी विकास कार्य किए हैं।



ग्रामीणों के लिए जीवनदायनी बना सागर तालाब का पानी।

### मणिबंध तालाब में एक बूंद पानी नहीं



सागर तालाब के ठीक बाजू में मणिबंध नाम का एक और तालाब स्थित है। 30 एकड़ क्षेत्र में फैले इस तालाब में आज की स्थिति में एक बूंद पानी नहीं है। ग्रामवासियों के अनुसार इस तालाब का पानी गर्मियों में प्रतिवर्ष सूख जाता है। इस तालाब में पानी भरे रहने की स्थिति में किसानों को खरीफ सीजन में खेती के लिए पानी लेने की छूट है, लेकिन सागर तालाब का पानी किसी भी सीजन में खेती के लिए इस्तेमाल करने की छूट नहीं है।

### माघी पूर्णिमा पर लगता है मेला

सागर तालाब के किनारे प्रतिवर्ष माघी पूर्णिमा के अवसर पर मेले का आयोजन किया जाता है। शुरूआती दौर में वैसे तो यह मेला एक दिवसीय होता था, लेकिन लोगों की आस्था और पहुंचने वालों की संख्या को देखते हुए अब इसे तीन दिवसीय कर दिया गया है। तालाब परिसर में महामाया मंदिर, शिव परिवार, हनुमान जी, रामजानकी दरबार व राधाकृष्ण मंदिर स्थापित है।

### स्किन प्रॉब्लम दूर होने की मान्यता

जहां लाख बंजारा नायक, जल में हाथ डुबाया। रोग मुक्त हो कंचन तन पा, सागर रूप बनाया। गांव के निवासी कृष्णकुमार तिवारी ने बताया कि सैकड़ों साल पहले नायक नाम के एक बंजारे ने सागर तालाब में स्नान किया था, तब यहां सिर्फ एक डबरा था। स्नान करने वाला बंजारा चर्म रोग से ग्रसित था। यहां स्नान करके वापस लौटते ही उसके शरीर का पूरा चर्मरोग समाप्त हो गया। बस यहीं से सागर तालाब का इतिहास प्रारंभ हो गया।

कापियों की जांच अंतिम चरण में

# मई के दूसरे सप्ताह में आ सकते हैं बोर्ड के नतीजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




- इस साल 5 .71 लाख छात्र-छात्राओं ने दी थी परीक्षा
- 18 मार्च तक हो गई थी मुख्य विषयों की परीक्षाएं

माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के आंसरशीट की जांच अंतिम दौर में है। उम्मीद की जा रही है कि इस बार रिजल्ट 10 मई तक या मई के दूसरे सप्ताह तक जारी कर दिए जाएंगे। ध्यान रहे कि इस बार 10वीं और 12वीं की परीक्षा में कुल 5.71 लाख छात्र शामिल हुए थे। इनकी उत्तरपुस्तिकाओं की जांच 26 मार्च से प्रदेशभर में बनाए गए 36 मूल्यांकन केंद्रों पर हो रही है। पहले चरण में उन विषयों की कापियों की जांच की गई जिनकी परीक्षा 18 मार्च तक पूरी हो गई थी। अब बचे हुए विषयों की जांच की जा रही है, जो दूसरे चरण में शामिल हैं।

ज्ञात हो कि 10वीं की परीक्षा 24 मार्च को खत्म हुई थी। इसमें 17 मार्च तक हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और व्यवसायिक विषयों के पेपर हो चुके थे। इसके बाद 21 मार्च को तृतीय भाषा और 24 मार्च को विशेष आवश्यकता वाले छात्रों के लिए संगीत, ड्राइंग और पेंटिंग की परीक्षा हुई थी। वहीं, 12वीं की परीक्षा 28 मार्च तक चली थी। इसमें भी अधिकतर मुख्य विषयों की परीक्षा 18 मार्च तक ही हो गई थी, जैसे कि हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, भूगोल, भौतिकी, रसायन, समाजशास्त्र और राजनीतिक विज्ञान। बोर्ड अधिकारियों के मुताबिक इस बार कापियों की जांच 17 अप्रैल तक पूरी करने का टारगेट रखा गया था। टारगेट को लगभग पूरा कर लिया गया है। इसके बाद से रिजल्ट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू होगी। इसमें लगभग 20 दिन लगेंगे।

### छात्रों को मिलेंगे बोनस नंबर

छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा में खेल, स्काउट-गाइड, एनसीसी, एनएसएस, साक्षरता जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को बोनस अंक दिए जाते हैं। यह बोनस अंक राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन के आधार पर दिए जाते हैं, जिसमें राज्य स्तर के लिए 10 अंक, राष्ट्रीय स्तर के लिए 15 अंक और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लिए 20 अंक शामिल हैं।

# सूने मकान पर चोरों का धावा, नहीं मिला कोई सुराग

**बिलासपुर।** ताला लगाकर छठ्ठी में गए पीआरओ के घर पर चोरों ने धावा बोलकर 20 हजार रूपए से अधिक की चोरी कर ली है। पड़ोसी ने इसकी जानकारी पीआरओ को दी। मामले की शिकायत सरकंडा थाना में दर्ज कराई गई है।

- सरकंडा थाना क्षेत्र की घटना

कुटीपारा रोड मोपका निवासी परमेश्वर भारते पीआरओ हैं। गुरूवार की सुबह बंगाली वृद्धा आश्रम स्थित घर में ताला लगाकर सहपरिवार छठ्ठी कार्यक्रम में शामिल होने पामग गए थे। गुरूवार की रात 12 बजे पड़ोसी महेश जायसवाल ने घर में चोर घुसने की जानकारी दी और करीब रात 1.30 बजे परमेश्वर घर पहुंचा, इस दौरान मेन गेट का ताला टूटा हुआ था और कमरे के अंदर का सामान अस्त व्यस्त था। इस दौरान आलमारी में रखी चांदी की पायल, बिछिया, चांदी का सिक्का, बाजूबंद, सोने का टॉप्स सहित 20 हजार का माल पार चोरों ने पार कर दिया। प्रार्थी ने घटना की रिपोर्ट सरकंडा थाने में दर्ज कराई है।

### सूने मकान में चोरी करने वाले 6 गिरफ्तार

सूने मकान में चोरी करने वाले 6 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रतनपुर टीआई नरेश चौहान ने बताया, 4 जनवरी 2025 को अकलतरी निवासी गजानंद शर्मा व साश्वत शर्मा के सूने मकान से चांदी के जेवर, बर्तन सहित अन्य सामान चोरी हो गई थी। मुखबिर की सूचना पर राजकमल धीवर अकलतरी, जीतू धीवर छोटी कोनी, अनिल कसेर कोनी, अमन रात्रे कोनी, विवेक साव कोनी, अकबर खान अशोकनगर अटल आवास को पकड़कर चोरी की 6 बोरी धान, कम्प्यूटर सेट, एलईडी, कांसे का बर्तन बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### घर के बाहर खड़ी एक्टिवा ले उड़े चोर

क्षेत्र में बाइक चोरों के हौसले बुलंद हैं। तोरवा क्षेत्र में रात के अंधेरे का फायदा उठाकर चोरों ने सेल्समैन की एक्टिवा पार कर दी। तोरवा पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। कोनी स्थित गुड़ाखू फैक्टरी में सेल्समेन का काम करने वाला संदीप कुमार द्विवेदी पिता रमेश कुमार द्विवेदी हेमूनगर तोरवा में रहता है। बुधवार 16 अप्रैल को रोज की तरह काम से वापस लौटकर 9.30 बजे एक्टिवा क्रमांक सीजी 10 पी 2494 खड़ी कर अपने रूम में चला गया। खाना खाने के बाद सो गया, अगले दिन गुरूवार को आफिस जाने के लिए निकलने के दौरान मौके पर एक्टिवा नहीं मिली। दो दिन की पतासाजी के बाद प्रार्थी ने तोरवा थाने में बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### अवैध शराब पर कार्रवाई दो आरोपी गिरफ्तार

कोनी क्षेत्र के सेमरताल में अवैध शराब पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 40 लीटर महुआ शराब जब्त कर लिया है। वहीं दो अलग-अलग मामले में दो आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। मामले के अनुसार मुखबीर की सुचना पर थाना प्रभारी किशोर कुमार केंवट ने 17 अप्रैल को पुलिस की टीम भेजकर सेमरताल में रेड डालकर कार्रवाई की। इस दौरान सेमरताल निवासी देवी सूर्यवंशी पिता सखाराम सूर्यवंशी उम्र 32 साल से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। वहीं पड़ोसी गोरेलाल सूर्यवंशी पिता स्व. रूपसाय सूर्यवंशी उम्र 59 साल से 20 लीटर शराब जब्त की गई है। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत आरोपियों पर कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

### कोयला खदान मजदूर संघ की बैठक में लिए गए निर्णय

**बिलासपुर।** कोयला खदान मजदूर संघ की चतुर्थ राष्ट्रीय साधारण का आयोजन बसंत विहार स्थित रविन्द्र भवन में किया था। साधारण सभा का आयोजन पांच सत्रों में किया गया, जिसमें प्रस्ताव पारित कर विभिन्न समस्याओं के निराकरण की अपेक्षा की गई। बैठक में संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष महेन्द्र प्रताप सिंह ने कोल इंडिया की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि सेवानिवृत्त कर्मियों को कोल इंडिया के अजीबो-गरीब कानून मार रहे हैं। क्या अधिकारी और कामगार की बीमारी भी अलग होती है या फीस व ऑपरेशन चार्ज भी अलग होते हैं, नहीं न फिर कोल इंडिया के सेवानिवृत्त मजदूरों को अलग चिकित्सा सुविधा क्यों ? सामाजिक सुरक्षा तो सबकी एक होती है, ग्रेज्युटी भुगतान अधिनियम भी अधिकारी व कामगार को एक वर्ग ही एम्पलाई माना गया है पर सेवानिवृत्त अधिकारियों को बीस लाख के दर से अधिकतम सीमामान का भुगतान किया गया। श्री सिंह ने बताया कि सीएमपीएफओ व कोल इंडिया लिमिटेड ने 1 अक्टूबर 2017 के बाद से सेवानिवृत्त कर्मियों के पेंशन की गणना में विशेष महगांई भत्ता को जोड़कर देना बंद कर दिया। बैठक में डब्लूसीएल से रमेश बल्लेवार, एसईसीएल से एसपी कुंडू, बीएस शाही, एमसीएल से प्रकाश राव, एनसीएल से एकेसिंह के नेतृत्व में 178 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मंच का संचालन शम्भू प्रसाद विश्वर्मा ने किया।

दपूमरे रेल लाइन के विकास को मिली नई रफ्तार

# रेलवे में 200 किमी से अधिक रेल नेटवर्क विस्तार

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में रेल लाइन के विकास को नई रफ्तार मिली है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 200 किलोमीटर से अधिक रेल नेटवर्क विस्तार, यात्री सुविधाओं और क्षेत्रीय विकास को नई उड़ान मिली है।

रेलवे नेटवर्क विस्तार और संरचना सुदृढ़ीकरण की दिशा में कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं सफलतापूर्वक पूरी की गई। इस वर्ष 200.15 किलोमीटर रेल खंड का निर्माण, कमीशनिंग कार्य पूरा हुआ, जिसकी लागत 2896.53 करोड़ थी। इस परियोजना में अनूपपुर-कटनी तीसरी रेल लाइन में 91.52 किलोमीटर लंबी रेल लाइन का निर्माण एवं कमीशनिंग की गई, जिसमें बधवाबारा-घुंघुटी 13 किलोमीटर, घुंघुटी से मुदरिया 10.70 किलोमीटर, मुदरिया से बीरसिंहपुर 5.60 किलोमीटर, उमरिया से लोरहा 10.00 किलोमीटर, चंदिया रोड से विलायतकलां 9.50 किलोमीटर, बीरसिंहपुर-नौरोजाबाद 6.90 किलोमीटर, नौरोजाबाद से करकेली 10.20 किलोमीटर, करकेला से उमरिया 12.42 किलोमीटर रेलखंड शामिल है। इसी तरह राजनांदगांव से नागपुर के बीच तीसरी लाइन के अलावा बिलासपुर-झारसुगुड़ा चौथी रेल लाइन परियोजना के तहत 54.57 किलोमीटर रेल खंडो का निर्माण किया गया। इसमें बिलासपुर से गतौरा 8



किलोमीटर, राबर्टसन से भूपदेवपुर 9.30 किलोमीटर, किरोड़ीमल से रायगढ़ 10.27 किलोमीटर, रायगढ़ से कोतरलिया 9 किलोमीटर, कोतरलिया से जामगा 8 किलोमीटर चौथी लाइन शामिल है। रेलवे के अनुसार इन सभी लाइन के निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात नान इंटरलाकिंग प्रक्रियाओं के माध्यम से उन्हें संबंधित स्टेशन से जोड़ने यार्ड माडिफिकेशन, ट्रैक की लिंकिंग एवं सिग्नलिंग कार्य की वजह से अधिक यात्री ट्रेनों को भी अस्थायी रूप से रद्द अथवा उनके मार्ग परिवर्तित करने की आवश्यकता पड़ती है।

बिजनेस साइट

## एसेट एलोकेशन से सस्टेनेबल ग्रोथ में मदद मिलती है

**बिलासपुर।** हर लॉन्गटर्म निवेशक अनिश्चितता, बाजार में उतार-चढ़ाव और एसेट क्लास में उतार-चढ़ाव का सामना करता है। हालांकि, कई लोग अपने पोर्टफोलियो पर इन घटनाओं के प्रभाव को झेलने के लिए संघर्ष करते हैं। इससे अक्सर निवेश बंद करने या समय से पहले निकासी करने जैसे आवेगपूर्ण निर्णय लेने पड़ते हैं – जिसके परिणामस्वरूप असंतोषजनक निवेश अनुभव होता है, जहां वित्तीय लक्ष्य अधूरे रह जाते हैं और सार्थक वेल्थ क्रिएशन से समझौता हो जाता है। यही वह जगह है जहां एसेट एलोकेशन की रणनीति अपनी वास्तविक प्रासंगिकता साबित करती है । निवेश के मूल सिद्धांतों का पालन करके, एक मल्टी-एसेट दृष्टिकोण अस्थिर कारकों को नियंत्रण में रखने में मदद करता है, जिससे एक अधिक स्थिर और बेहतर एवं प्रभावशाली निवेश यात्रा सुनिश्चित होती है ।



दिलीप कुमार
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर बिलासपुर

आमतौर पर, एसेट एलोकेशन प्रक्रिया में जोखिम को प्रभावी ढंग से विविधता देने के लिए तीन या अधिक एसेट क्लास जैसे कि डेट, इक्विटी, गोल्ड, आरईआईटीस और इनविट्स में फंड्स डिस्ट्रीब्यूशन करना शामिल होता है। यह देखते हुए कि प्रत्येक एसेट क्लास में अलग-अलग मार्केट साइकिल, जोखिम कारक और वैल्यूएशन डायनेमिक्स होती है, एक अच्छी तरह से स्ट्रक्चर्ड एसेट एलोकेशन रणनीति मौजूदा बाजार स्थितियों के आधार पर उचित एलोकेशन सुनिश्चित करके एकाग्रता जोखिम को कम करने में मदद करती है ।

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि विभिन्न एसेट क्लास विभिन्न बाजार स्थितियों पर अलग-अलग प्रतिक्रिया देते हैं। एसेट एलोकेशन निवेश के इस सफर के दौरान इसी अवसर का लाभ उठाने का प्रयास करता है । इस रणनीति के पीछे मुख्य सिद्धांत प्रत्येक एसेट वर्ग की ताकत का लाभ उठाकर रिस्क - एडजेस्टड रिटर्न को अधिकतम करना है ।

ऐसा कहने के बाद, अधिकांश निवेशकों के लिए अपने दम पर एसेट आवंटन करना मुश्किल है। सभी एसेट्स कैटेगिरीज से लाभ उठाने के सबसे प्रभावी तरीकों में से एक डायनेमिक एसेट एलोकेशन फंड, मल्टी एसेट एलोकेशन फंड, बैलेंस्ड फंड और एसेट एलोकेटर फंड्स आदि के माध्यम से निवेश करना है। ये योजनाएं इक्विटी, डेट, गोल्ड और कभी-कभी रियल एस्टेट से जुड़े इंस्ट्रूमेंट जैसे इनविट्स और आरईआईटीस में भी फंड आवंटित करती हैं। एक प्रोफेशनल इनवेस्टमेंट टीम द्वारा प्रबंधित, ऐसी स्कीम्स आपको एसेट एलोकेशन रणनीति का लाभ दिलाने के लिए पर्याप्त रूप से सक्षम हैं ।

इस कैटेगरी में एक महत्वपूर्ण और उल्लेखनीय फंड आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट एलोकेटर फंड (एफओएफ)। यह स्कीम प्रमुख तौर पर इन-हाउस वैल्यूएशन मॉडल का उपयोग करके इक्विटी, डेट और गोल्ड म्यूचुअल फंड स्कीम / ईटीएफ में प्रभावशाली अंदाज में एलोकेशन करती है। 28 मार्च, 2025 तक, इसने 9.50 प्रतिशत का एक साल का रिटर्न दिया है, साथ ही तीन साल और पांच साल में क्रमशः 12. 86 प्रतिशत और 19.04 प्रतिशत का मजबूत सीएजीआर रिटर्न दिया है ।

तापमान

अधिकतम 41.4 डिग्री

न्यूनतम 24.8 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 19 अप्रैल 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]




विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने शुक्रवार को मनोहर टाकीज के सामने लगे बिजली के पुराने हो चुके खंभे को हटाकर नया पोल लगाया है।

## खबर संक्षेप

### सीयू : फैक्ट फाइंडिंग कमेटी सोमवार को सौंपेगी जांच रिपोर्ट

**बिलासपुर।** गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी द्वारा गठित तीन सदस्यीय फैक्ट फाईडिंग कमेटी एनएसएस कैंप में छात्र-छात्राओं से नमाज पढ़ाए जाने के मामले में जांच कर रही है। बीच में छुट्टी पड़ जाने के कारण कुछ छात्रों से पूछताछ होना बाकी है। इसलिए अब कमेटी अपनी जांच रिपोर्ट सोमवार को यूनिवर्सिटी प्रशासन को सौंपेगी। उल्लेखनीय है कि गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई का कोटा ब्लॉक के शिवतराई में कैंप लगा था। कैंप के दौरान ईद उल फितर वाले दिन सुबह योगा के समय चार मुस्लिम छात्रों को मंच पर बुलाकर नमाज अदा करने कहा गया और बाकी छात्रों को भी उसे दोहराने कहा गया। कैंप में डेढ़ सौ से अधिक हिन्दू छात्र थे जिन्हें यह जबरदस्ती लगा। कैंप समाप्ति के बाद यह मामला तूल पकड़ने लगा और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सहित हिन्दू संगठन द्वारा बुधवार को यूनिवर्सिटी में जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

### एक माह बाद पंचायत सचिवों की हड़ताल समाप्त

**बिलासपुर।** पिछले एक माह से चल रही पंचायत सचिवों की हड़ताल शुक्रवार को समाप्त हो गई। पंचायत सचिव अपनी शासकीयकरण की मांग को लेकर 17 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए थे। पंचायत मंत्री समेत अधिकारियों के साथ बैठक के बाद पंचायत सचिव संघ ने हड़ताल समाप्त कर दी है। प्रदेश स्तर पर पंचायत सचिव संघ 17 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए थे। पंचायत सचिव अपनी शासकीयकरण की पुरानी मांग को लेकर हड़ताल पर अड़े हुए थे। बीच में शासन ने हड़ताल खत्म कर काम पर वापस लौटने का अल्टीमेटम दिया गया था, किन्तु उसके बाद भी पंचायत सचिव हड़ताल जारी रखे हुए थे। इस तरह से पंचायत सचिवों का हड़ताल पूरा एक माह तक चला। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, पंचायत विभाग के सचिव भीम सिंह, संचालक प्रियंका ऋषि महोबिया आदि अधिकारियों के साथ पंचायत सचिव संघ की बैठक हुई, जिसमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा गठित समिति जनवरी 2026 तक अपनी अंतिम रिपोर्ट पेश करेगी, जिसके आधार पर पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किया जाएगा।

### ट्रांसफर्मर में लगी आग मची अफरा-तफरी



**बिलासपुर।** श्याम टाकीज दुर्गा मंदिर स्थित बिजली के ट्रांसफार्मर में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने इसकी सूचना बिजली विभाग को दी। विभाग के कर्मचारियों ने तत्काल पहुंचकर आग पर काबू पाया। इस दौरान कुछ घंटों के लिए बिजली सप्लाई रोक दी गई थी। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। मालूम हो कि पिछले दिनों हटरी चौक स्थित इलेक्ट्रानिक दुकान में भीषण आग लग गई थी और दुकान में रखा बिजली का सारा सामान जल गया था।

## दर्राभाठा में कथा से पहले उजड़ गया तंबू, प्रशासन के नोटिस को किया नजरअंदाज



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीपत थाना क्षेत्र के ग्राम दर्राभाठा में भक्तों के चेहरों पर उत्साह की चमक थी। पहली बार गांव में भव्य श्रीमद्भागवत कथा होने जा रही था और परम पूज्य अनिरुद्धाचार्य महाराज के सानिध्य में श्रद्धा और आस्था की गंगा बहने वाली थी, लेकिन शुक्रवार की शाम जैसे ही आसमान काला हुआ, सब कुछ उलट-पुलट हो गया। तेज आंधी और मूसलधार बारिश ने आयोजन की तैयारियों की सच्चाई उजागर कर दी। कथा स्थल पर खड़ा किया गया भव्य पंडाल एक झटके में धराशायी हो गया। टेंट उड़ गया, साउंड सिस्टम और कूलर पानी में भीगकर कबाड़ बन गए। पूरा मैदान कीचड़ में बदल गया और आस्था का सपना टूटता दिखा। हालांकि कथा की शुरुआत शनिवार 19 अप्रैल से थी, वरना वहां मौजूद सैकड़ों श्रद्धालुओं की जान पर बन आती।

पुलिस और प्रशासन पहले ही आयोजकों को सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने की चेतावनी दे चुके थे। सीपत थाना प्रभारी गोपाल सतपथी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा ने बुधवार को ही नोटिस थमाया था, लेकिन आयोजकों ने चेतावनी को हवा में उड़ा दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पार्किंग की व्यवस्था अधूरी थी, मंच वॉटरप्रूफ नहीं था और सुरक्षा के सारे मानक ताक पर रखे गए थे। हमने साफ कहा था अगर कुछ हुआ, तो जिम्मेदार सिर्फ आयोजक होंगे। दर्राभाठा में जो हुआ वो सिर्फ एक हादसा नहीं, एक चेतावनी थी।

### नेशनल हेराल्ड मामले में भाजयुमो ने सोनिया, राहुल का पुतला फूंका

## कांग्रेस भवन का घेराव करने पहुंचे युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर शुक्रवार को भारतीय जनता युवामोर्चा द्वारा कांग्रेस भवन का घेराव करने पहुंचे थे, लेकिन पुलिस ने पहले से ही कांग्रेस भवन के सभी रास्तों पर बेरिकेड लगाकर इन्हें रोक दिया। घेराव के दौरान युवामोर्चा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेताओं का पुतला फूंका।

नेशनल हेराल्ड प्रकरण को लेकर इन दिनों राजनीति गरमा गई है। आज भारतीय जनता युवामोर्चा के कार्यकर्ताओं की भीड़ इस मामले को लेकर कांग्रेस भवन का घेराव करने पहुंची थी। युवामोर्चा कार्यकर्ता दोपहर करीब 12 बजे कोन्हेर गार्डन के पास एकत्रित होना शुरू हुए और करीब दोपहर 1 बजे कांग्रेस भवन की ओर घेराव करने नारेबाजी करते हुए कूच किए। लेकिन वहां पर पहले से ही पुलिस बल तैनात था, कांग्रेस भवन के सभी रास्तों इंदिरा सेतु की ओर, नेहरू चौक की ओर एवं छत्तीसगढ़ भवन के पास वाले तीनों ओर से बेरिकेड लगा दिए गए थे। युवामोर्चा कार्यकर्ताओं की भीड़ जैसे नारेबाजी करते हुए कांग्रेस भवन की तरफ बढ़े उन्हें पुलिस ने छत्तीसगढ़ भवन के पास रोक लिया। इसी बीच कार में रखे सोनिया, राहुल गांधी के पुतला को कार्यकर्ता बाहर निकालकर आग लगाने लगे, जिस पर पुलिस वालों ने पानी छिड़ककर आग बुझाने का प्रयास किया।

15 अप्रैल को प्रवर्तन निदेशालय ने पीएमएलए के तहत चार्जशीट दाखिल किया, जिसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी सैम पित्रोदा और सुमन दुबे के नाम शामिल हैं। नेशनल हेराल्ड और एसोसिएटस जर्नल्स लिमिटेड से जुड़ी मनी लॉड्रिंग केस के जांच के दौरान कुर्क 661 करोड़ की अचल संपत्ति को कब्जे में लेने की अनुशंसा की है। कांग्रेस के शीर्ष नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप को लेकर उन्हें जनता के सामने बेनकाब करने के लिहाज से भाजपा के युवामोर्चा कार्यकर्ताओं ने आज कांग्रेस भवन का घेराव किया और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### घेराव में ये कार्यकर्ता रहें शामिल

युवामोर्चा के जिलाध्यक्ष निखिल केशरवानी ने बताया कि देश में सर्वाधिक काल तक सत्ता में रही कांग्रेस का दामन भ्रष्टाचार के दाग से रंगे हुए हैं, उनके सभी नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। नेशनल हेराल्ड के ताजातरीन मामले में प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई से स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि कैसे एक सार्वजनिक संपत्ति को गैरकानूनी ढंग से हथियाने के लिए कांग्रेस नेताओं द्वारा कूटरचना की गई जो गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। आज के इस घेराव में भारतीय जनता युवामोर्चा के जिलाध्यक्ष निखिल केशरवानी, शंकर दयाल शुक्ला, अवधेश अग्रवाल, रितेश मोहरे, गौरी गुप्ता, राहुल सराफ, अनमोल झा, ओंकार पटेल, महर्षि बाजपेयी, धनंजय गोस्वामी, इशू गुप्ता, विवेक ताम्रकार, सनी केसरी, रोशन सिंह, नितिन छाबड़ा, कुमेश राव, वैभव गुप्ता, आशीष तिवारी, बबलू कश्यप, ज्ञानेन्द्र कश्यप, अंकित पाल, अभिषेक साहू, आदर्श केडिया, नितिन पटेल, जय वाधवानी, राहुल सिंह, किशन साहू, शिवराज साहू, आकाश पांडे सहित बड़ी संख्या में युवामोर्चा कार्यकर्ता शामिल रहे।



नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर शुक्रवार को भारतीय जनता युवामोर्चा के युवा कांग्रेस भवन का घेराव करने पहुंचे। पुलिस ने पहले से ही कांग्रेस भवन के सभी रास्तों पर बेरिकेड लगाकर इन्हें रोक दिया।

## मोपका चौक का होगा कायाकल्प



### हटाया गया अतिक्रमण

- चौक को व्यवस्थित और सुंदर बनाया जाएगा,गार्डन का भी होगा निर्माण
- 1 करोड़ स्वीकृत, अतिक्रमण हटने से क्षेत्र में ट्रैफिक भी स्मूथ होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर के एक छोर के प्रवेश द्वार मोपका चौक व्यवस्थित और नए स्वरूप में नज़र आने वाला है। जल्द ही मोपका चौक का कायाकल्प और गार्डन का निर्माण किया जाएगा। लगभग 6 माह पहले स्थानीय कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने इसकी घोषणा की थी। इसके बाद मोपका चौक सौंदर्यीकरण के लिए अधोसंरचना मद से 1 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई थी। चौक को व्यवस्थित करने के पूर्व चौक और आसपास सड़क के किनारे अस्थायी अतिक्रमण को आज नगर निगम की टीम ने हटाया,जिसके बाद चौक और मार्ग चौड़ा हो गया है। इस दौरान हंगामा और विवाद होता रहा।

दरअसल मोपका चौक और उसके तीनों दिशाओं के मार्ग पर अस्थायी अतिक्रमण कर लिया गया था। इससे ट्रैफिक जाम,पार्किंग समस्या और दुर्घटना की संभावना बनी रहती थी। अतिक्रमण को स्वयं से हटाने नगर निगम ने पूर्व में सभी कब्जाधारियों को नोटिस जारी किया था। नोटिस मिलने के बाद भी कब्जाधारियों ने अपना अतिक्रमण नहीं हटाया,जिसके बाद आज अतिक्रमण विभाग और जोन 7 की टीम ने सभी अतिक्रमण को हटाया। अतिक्रमणकारियों द्वारा टेंट,दुकानों के बाहर शेड और चबुतरा और अन्य प्रकार से अतिक्रमण किया गया था। अतिक्रमण हटने के बाद अब चौक व्यवस्थित होगा साथ ही ट्रैफिक स्मूथ और दुर्घटना का खतरा कम होगा।

## हाईकोर्ट का बड़ा फैसला- जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर के 29 कर्मचारियों की सेवा समाप्ति का आदेश निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर के 29 कर्मचारीयों की सेवा समाप्ति के आदेश को निरस्त कर दिया है। हाईकोर्ट ने माना है कि सेवा समाप्ति से पहले ना तो नियमों का पालन किया गया और ना ही सुनवाई का मौका दिया गया। इसमें समिति प्रबंधक से लेकर दूसरे स्टाफ शामिल हैं। हाईकोर्ट ने माना कि जांच रिपोर्ट बर्खास्तगी का आधार नहीं बन सकती। सेवा समाप्ति की पूरी प्रक्रिया आयुक्त राजस्व द्वारा प्रस्तुत जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है, जबकि आयुक्त राजस्व को जांच शुरू करने का कोई अधिकार ही नहीं है।



- आयुक्त राजस्व को जांच शुरू करने का कोई अधिकार ही नहीं

समिति प्रबंधक पंकज कुमार तिवारी, मोहम्मद इमरान खान, चंदन प्रताप सिंह, सीमा देवांगन, चंचल कुमार दुबे, चंद्रशेखर कुर्रे, लेखा कश्यप, भूपेंद्र राठौर, नरेंद्र कुमार मिश्रा, अमित पटेल व अन्य लोगों ने यह याचिका अपनी सेवा समाप्ति के खिलाफ लगाई थी। हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद सेवा में बहाल करने के आदेश जारी किए हैं। याचिका के मुताबिक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा 14 जून 2014 को विभिन्न पद हेतु विज्ञापन जारी किया गया था।

### राज्य सहकारी अधिकरण से खारिज

याचिकाकर्ता पंकज कुमार तिवारी की ओर से अन्य ने समिति प्रबंधक के पद पर आवेदन किया। सभी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उनकी नियुक्ति संस्था प्रबंधक के पद पर 14 फरवरी 2015 को हुई, जिसके आधार पर 13 मार्च 2015 को अपना कार्यभार ग्रहण किया। बाद में सहकारी बैंक की समस्त भर्ती प्रक्रिया में शिकायत होने पर जांच समिति गठित की गई। जांच प्रतिवेदन के आधार पर जिला सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी ने 4 नवंबर 2015 को पंकज तिवारी को नोटिस जारी किया और 23 नवंबर 2015 को सेवा समाप्ति का आदेश जारी कर दिया गया। इस आदेश के खिलाफ उन्होंने संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्था रायपुर संभाग के समक्ष अपील किया। 14 अक्टूबर 2019 को अपील खारिज कर दी गई। इसके बाद छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी अधिकरण बिलासपुर ने भी 20 फरवरी 2020 को अपील को खारिज कर दिया।

### शिकायत प्रमाणित नहीं, फिर भी कार्रवाई

इसके बाद एडवोकेट मतीन सिद्दीकी और घनश्याम कश्यप के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका पेश की। जस्टिस एके प्रसाद के कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान याचिका में कहा गया कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा कुल 110 पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। याचिकाकर्ताओं ने सभी पात्रता को पूरा किया और साक्षात्कार के माध्यम से नियुक्ति पाई। याचिकाकर्ता को बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने नियुक्ति पत्र जारी किया गया। इसी बीच दुर्गेश राजपूत द्वारा एक शिकायत दर्ज कराने के बाद संभाग आयुक्त द्वारा जांच समिति गठित कर दी गई। इसके आधार पर याचिकाकर्ता को नोटिस जारी किया गया। बाद में ना तो सहकारी बैंक और ना ही शिकातकर्ता दुर्गेश राजपूत इस शिकायत को प्रमाणित कर पाए। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता द्वारा यह आधार लिया गया कि जांच एकतरफा थी। सुनवाई का उचित अवसर दिए बिना ही सेवा समाप्ति का आदेश जारी कर दिया गया। इसलिए जांच रिपोर्ट बर्खास्तगी का आधार नहीं बन सकती। सेवा समाप्ति की पूरी प्रक्रिया आयुक्त राजस्व द्वारा प्रस्तुत जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है, जबकि आयुक्त राजस्व को जांच शुरू करने का कोई अधिकार ही नहीं है। हाईकोर्ट ने याचिका को स्वीकार किया और सेवा समाप्ति के आदेश को निरस्त कर दिया है।

### महापौर विधानी के जाति प्रमाण पत्र का मामला

## जिला कोर्ट ने कलेक्टर, चुनाव ऑब्जर्वर सहित 11 लोगों से मांगा जवाब

जिला कोर्ट ने जाति प्रमाण पत्र और चुनाव में तय लिमिट से अधिक खर्च करने के मामले में महापौर एल. पद्मजा उर्फ पूजा विधानी को नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही कोर्ट ने कलेक्टर अवनीश शरण, चुनाव ऑब्जर्वर विनीत नंदनवार, अपर कलेक्टर आरए कुरुवंशी, निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह के साथ ही 6 अन्य महापौर प्रत्याशियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। वहीं कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी प्रमोद नायक ने पूजा विधानी पर फर्जी जाति प्रमाण लगाने का आरोप लगाया है।

- जाति प्रमाण पत्र और चुनाव में तय लिमिट से अधिक खर्च करने का मामला

दरअसल, नगर निगम चुनाव में भाजपा ने महापौर पद के लिए पूजा विधानी को उम्मीदवार बनाया था। इस दौरान उनकी जाति प्रमाण पत्र को लेकर कांग्रेस की ओर से आपत्ति दर्ज कराई गई। साथ ही चुनाव में 25 लाख खर्च करने की लिमिट थी, लेकिन आरोप है कि पूजा विधानी ने ज्यादा खर्च किए हैं। इसे लेकर कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी प्रमोद नायक ने जिला कोर्ट में याचिका लगाई थी। कोर्ट ने याचिका स्वीकार कर सभी पक्षकारों को नोटिस जारी किया है। इस याचिका में कहा गया कि चुनाव के दौरान नियमों की अवहेलना की गई है। चुनाव के नियमों के अनुसार समयावधि में निराकरण करना था, लेकिन अधिकारियों ने निराकरण नहीं किया। चुनाव अधिकारियों ने चुनाव प्रक्रिया जारी रख प्रतिवादी के निर्वाचित होने में भूमिका अदा की। याचिका में महापौर श्रीमती विधानी के निर्वाचन को शून्य घोषित करने, अधिकारियों पर कार्रवाई करने और याचिका से संबंधित खर्च की मांग की गई है।

### हाईकोर्ट भी पहुंचा था मामला

ज्ञात हो कि बिलासपुर महापौर श्रीमती विधानी की जाति का विवाद हाईकोर्ट भी पहुंचा था। बसपा के उम्मीदवार ने रिटर्निंग ऑफिसर के द्वारा जाति प्रमाणपत्र उपलब्ध नहीं कराने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हालांकि, हाईकोर्ट ने चुनाव प्रक्रिया जारी होने और छानबीन समिति का मामला बताते हुए याचिका खारिज कर दी थी। इससे पहले इस जाति प्रमाण पत्र को फर्जी बताने के आरोप को रिटर्निंग ऑफिसर आरए कुरुवंशी ने खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा था कि, जाति का मामला छानबीन समिति का है।

18-APR--REGNOL--pg-4 -COMMAN new_Layout 1 4/18/2025 11:39 PM Page 1




## खबर संक्षेप

### विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे डिप्टी सीएम साव



**लोरमी।** क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव शनिवार 19 अप्रैल को विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। दोपहर 12 बजे माता कर्मा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होंगे एवं 1.45 बजे बैगाकापा की शास उमा विद्यालय में स्मार्ट क्लास का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद नारायणपुर में भक्त शिरोमणी कर्मा माता जयंती उत्सव में शामिल होंगे एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 का सर्वेक्षण एवं नवनिर्मित आवास में गृह प्रवेश कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। अंत में श्री साव शाम 5 बजे ग्राम सुकली में जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण करने के बाद वापस नगर के विधायक कार्यालय पहुचेंगे।

### राजपूत क्षत्रिय महासभा के कोषाध्यक्ष बने नीरज



**बिलासपुर।** राजपूत क्षत्रिय महासभा के त्रिवार्षिक चुनाव में नीरज सिंह क्षत्रिय ने कोषाध्यक्ष पद पर रिकॉर्ड जीत दर्ज करते हुए सबको चौंका दिया। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी लोकेंद्र सिंह भुवाल को 553 मतों के विशाल अंतर से पराजित किया, जो इस चुनाव का सबसे बड़ा मार्जिन रहा। रविवार को भिलाई में हुए महासभा के चुनाव में कुल 13 पदों के लिए मतदान हुआ। इसमें बजरंग पैनल के 10 उम्मीदवार विजयी रहे, जबकि होरी-अजय पैनल के खाते में 3 सीटें गईं।

## निधन

### संतोष माली



**बिलासपुर।** कुदुदंड निवासी संतोष माली (संतू) का 18 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 19 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे शिवा माली, स्व. शंकर माली, अशोक माली, अजय माली के भाई और अमित माली के पिता थे।

### बंटी श्रीवास



**बिलासपुर।** लिंगियाडीह निवासी बंटी श्रीवास कोपरा वाले का 18 अप्रैल शुक्रवार को निधन हो गया। वे 55 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 19 अप्रैल शनिवार को दोपहर 12 बजे अमरिया चौक स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे रोशन श्रीवास एवं राकेश श्रीवास के पिता थे।

### महेंद्र कुमार अरोरा



**बिलासपुर।** चांटीडीह सरकंडा निवासी महेंद्र कुमार अरोरा का 18 अप्रैल को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 अप्रैल को उनके निवास से सुबह 10 बजे मुक्तिधाम सरकंडा के लिए प्रस्थान करेगी। वे ललिता अरोरा के पति एवं स्व. सत्येंद्र अरोरा, रवि अरोरा और राशि अरोरा के पिता थे।

### कुंज बिहारी वैष्णव



**लोरमी।** राम्हेपुर वार्ड क्रमांक 15 निवासी पूर्व शिक्षक कुंज बिहारी वैष्णव का 90 वर्ष की आयु में गुरुवार 17 अप्रैल को निधन हो गया है। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे राकेश वैष्णव, रजनीश वैष्णव, विनोद वैष्णव के पिता एवं संजय वैष्णव के बड़े मामा थे।

### श्रीमती चंद्रकुंवर राजपूत

**मुंगेली।** प्रतिष्ठित दवा व्यवसायी, पूर्व पार्षद नरेंद्र राजपूत की मां श्रीमती चंद्रकुंवर पति स्व. वृंदावन सिंह राजपूत का 87 वर्ष में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 19 अप्रैल को बनारस में होगा।

## संगठन विस्तार के साथ कई पदाधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारियां

# भैरव बाबा मंदिर में 31 बटुकों का उपनयन संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर

धर्मनगरी रतनपुर स्थित प्राचीन भैरव बाबा मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को अखंड ब्राम्हण समाज सेवा समिति के तत्वावधान में 31 बटुकों का वैदिक रीति-रिवाजों के साथ भव्य उपनयन संस्कार सम्पन्न हुआ। यह आयोजन धार्मिक परंपराओं, वेद मंत्रों और गुरु-शिष्य परंपरा की साक्षात अनुभूति कराने वाला रहा।

भैरव बाबा मंदिर के प्रबंधक एवं मठाधीश पं. जागेश्वर अवस्थी ने बताया कि उपनयन संस्कार सनातन धर्म के सोलह संस्कारों में सर्वोपरि माना गया है। यह वह पुण्य अवसर होता है जब बटुक को वेदों की दीक्षा देकर ब्राह्मणत्व की दिशा में पहला आध्यात्मिक कदम उठाने का अधिकार प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि यह संस्कार जीवन में केवल एक बार ही होता है और इसका प्रभाव व्यक्ति के पूरे जीवन पर परिलक्षित होता है। पं. अवस्थी ने आगे कहा कि भगवान भैरव बाबा के सानिध्य और आशीर्वाद से यह आयोजन अत्यंत शुभ और पावन वातावरण में सम्पन्न हुआ। आचार्यों द्वारा बटुकों को वैदिक मंत्रों और आचारशास्त्र की बुनियादी शिक्षाएं दी गईं।




उपनयन संस्कार में शामिल बटुक।

अखंड ब्राम्हण समाज सेवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष योगेश तिवारी ने कहा कि रतनपुर धर्मनगरी में विप्र बटुकों के उपनयन संस्कार आयोजन किया गया, जिसमें समाज की व्यापक भागीदारी रही। उन्होंने कहा कि यह संस्कार बटुकों को साधारण जीवन से उठाकर ब्रह्मचर्य और आचार्यत्व की दिशा में अग्रसर करता है। यह कार्य समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत और अनुकरणीय है। संस्कार सम्पन्न कराने में आचार्य के रूप में पं. गिरधारी पांडे की विशेष भूमिका रही। उन्होंने सभी बटुकों का वैदिक विधि से यज्ञोपवीत धारण कराया गया और संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी नवदीक्षित बटुकों को आशीर्वाद प्रदान कर भविष्य में धर्म, संस्कृति और समाज सेवा के मार्ग पर अग्रसर होने का संकल्प दिलाया गया।

### श्रद्धालुओं की रही सक्रिय भागीदारी

इस विशेष आयोजन को सफल बनाने में समाज के कई गणमान्यजनों एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में योगेश तिवारी, मृदुल तिवारी, राजकुमार तिवारी, चित्रा तिवारी, मीरा शर्मा, कल्याणी शर्मा, राजकुमारी तिवारी, बरखा शर्मा, सुनीता तिवारी, कान्हा तिवारी, दीपक अवस्थी, रवि तंबोली सहित मंदिर के पुजारीगण और समिति के समर्पित कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### संगठन का विस्तार

उपनयन संस्कार के अवसर पर अखंड ब्राम्हण समाज सेवा समिति के संगठनात्मक विस्तार की भी घोषणा की गई। पं. जागेश्वर अवस्थी की अनुशंसा पर अनिल शर्मा को मुख्य प्रकोष्ठ प्रदेश संगठन सचिव (बिलासपुर संभाग एवं रतनपुर प्रभारी) नियुक्त किया गया। वहीं, मृदुल तिवारी को युवा प्रकोष्ठ कोटा ब्लॉक अध्यक्ष और कल्याणी तिवारी को नारी शक्ति प्रकोष्ठ की अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

# किसान के हत्यारे को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

गौरेला में किसान की हत्या करने वाले आरोपी को एडीजे कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।


पूरा मामला 19 नवंबर 2022 को गौरेला थाना क्षेत्र के पिपरिया गांव का है, जहां रहने वाला किसान बुधलाल मरकाम पिपरिया गांव के लोहार बहादुर लाल अगरिया पिता महादेवना अगरिया के घर पहुंचा और जैसे ही वह घर में आवाज लगाकर घुसा इतने में ही लोहार बहादुर लाल अगरिया ने धारदार टंगिया और रॉड लेकर किसान पर हमला कर दिया। किसान बुधलाल मरकाम ने भागने की कोशिश की पर मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने डायल 108 और 112 पर फोन लगाया और मामले की जानकारी दी जहां मौके पर पहुंची 108 की टीम ने किसान को उठाकर जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने किसान बुधलाल मरकाम को मृत घोषित कर दिया था। घटना के बाद से हत्यारे लोहार ने अपने आपको घर के कमरे में बंद कर लिया था और आस-पास मौजूद लोगों को देखकर हथियार लेकर अटैक करने की कोशिश करता था। ग्रामीणों के अनुसार आरोपी लोहार की मानसिक विक्षिप्त स्थिति होने के कारण उसकी पत्नी काफी परेशान रहती थी जो बच्चों को लेकर अपने मायके चली गई थी। पुलिस पर भी उसने हमला करने की कोशिश की और बाद में काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने लोहार को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की थी। इस मामले में फैसला सुनाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश पेंड्रारोड ज्योति अग्रवाल ने आरोपी बहादुर लाल अगरिया को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और एक हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की अदायगी में चूक होने पर अभियुक्त को तीन माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक कौशल सिंह ने की।

# लोरमी, मुंगेली, कोटा विस के गांवों के दौरे पर रहे तोखन



**लोरमी।** केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने शुक्रवार 18 अप्रैल को लोरमी, मुंगेली और कोटा विस क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया। तोखन साहू ने धुमा, तेंदुआ, लालपुर, गोरखपुर एवं कोयलारी आदि गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से भेंट की एवं संवाद कर उनका हालचाल जाना। इस अवसर पर श्री साहू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डॉ भीमराव अम्बेडकर के सम्मान में संचालित ऐतिहासिक पहलों की विस्तृत जानकारी दी एवं और उन्हें जन-जन तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर तोखन साहू ने कहा कि कांग्रेस ने स्वतंत्रता के बाद बाबा साहब जैसे युग पुरुष को संसद में दोबारा नहीं भेजा। साथ ही उनके विचारों और योगदानों को भी लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिर्फ उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित नहीं कि, बल्कि उन्हें नीति, योजना, और विकास की धुरी बना दिया। यही उनका सच्चा सम्मान है।

# गांव में अवैध गतिविधियों को रोकने सरपंच ने शुरू की मुहिम



**मस्तूरी।** जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत विद्याडीह टांगर की सरपंच किरण दिनकर व उपसरपंच मिस्टर इंडिया भार्गव ने गांव में शराबबंदी का संकल्प लिया। गुरुवार को ग्राम पंचायत में ग्राम सभा की बैठक हुई, जिसमें उपस्थित सभी ग्रामीणों ने गांव में पूर्ण शराबबंदी और गांव को जुआ मुक्त कराने का प्रस्ताव पारित किया। साथ ही निर्णय लिया गया कि अब गांव में कोई भी अवैध गतिविधियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। कोई भी व्यक्ति यदि गांव में अवैध रूप से शराब बनाते, बिक्री करते एवं चौक चौराहों में जुआ खेलते पाया गया तो उसे दंडित किया जाएगा। साथ ही ग्रामीणों के सहयोग से उसे पुलिस के हवाले कर दिया जाएगा। ग्राम सभा की बैठक के दौरान सरपंच किरण दिनकर, उपसरपंच मिस्टर इंडिया भार्गव, पंच गोविंद दिनकर, किशोर खांडेकर, योगेश भार्गव, लक्ष्मीन कुर्रे, उज्जैन जोशी, रानी फुलेश दिनकर, अवध बिहारी, रूपचंद टंडन, रामू जोशी, घनश्याम भार्गव, श्यामलाल भार्गव, शंकरलाल, हरपाल सिंह, धनेश महिलंगे, राजेंद्र भार्गव, विजय जोशी, मिलन भार्गव, गोटीलाल सहित महिला समूह व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी की गारंटी है गांव-गांव में होगा विकास



**मस्तूरी।** जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत एरमसाही में 'मोर आवास मोर अधिकार आपके द्वार साय सरकार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विष्णुदेव साय सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से भाजपा नेता चंद्र प्रकाश सूर्या ने मुलाकात की। हितग्राही भागमती के घर जाकर आवास के लिए उनका फॉर्म भरकर अपलोड किया एवं ओमप्रकाश बघेल का फॉर्म ऑनलाइन जमा किया। इस अवसर पर चंद्र प्रकाश सूर्या ने छत्तीसगढ़ सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि हम जनप्रतिनिधियों का कर्तव्य है कि सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। पीएम मोदी की गारंटी है कि गांव-गांव में विकास होगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य अरुणा चंद्र प्रकाश सूर्या, जनपद सदस्य अंजलि भास्कर पटेल, सरपंच विश्वामणी खांडेकर, मेघनाथ खांडेकर सरपंच प्रतिनिधि, पूर्व जनपद सदस्य राधा दुर्गा पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पटेल, डॉ कपिल पटेल, छवि पटेल, अमरनाथ बंजारे, राजेश्वर पटेल सहित काफी संख्या में ग्रामीण एवं लाभार्थी शामिल हुए।

## पोषण पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम का आयोजन



**मस्तूरी।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विकास खंड के ग्राम पंचायत जेवरा के जनमन क्षेत्र आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 4 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कुपोषण और एनीमिया के खिलाफ निर्णायक कदम उठाकर स्वस्थ भविष्य की नींव रखना था। इस दौरान गर्भवती, धात्री माताओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए हरी सब्जी एवं फल का अधिक से अधिक सेवन करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। सुपोषण कार्यक्रम में गोद भराई एवं अन्नप्रासन किया गया। इस अवसर पर सरपंच मूलचंद पटेल, पंच, महिला एवं बाल विकास विभाग पर्यवेक्षक गायत्री जायसवाल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका एवं ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

## अनियंत्रित बाइक कंटीले तार में फंसी, युवक की मौत



**तखतपुर।** वैवाहिक कार्यक्रम से लौट रहे युवक का दोपहिया वाहन अनियंत्रित होकर कंटीले तार में जाकर गिर गया। घटना में युवक को गंभीर रूप से चोंटे आई। रात भर मौके पर ही पड़े रहने और इलाज नहीं मिलने के कारण उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार करनकापा निवासी अनिल कुमार ध्रुव पिता इंद्र कुमार उम्र 33 वर्ष वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गया हुआ था वापस आते वक्त गिरधौना मोड़ के पास दूपहिया वाहन अनियंत्रित होकर कटिले तार में जाकर गिर गया जिससे उसे गंभीर चोंटे आयी। इलाज न मिलने के कारण उसकी घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया।

# प्रभु राम के प्रत्येक कर्म अनुकरणीयः धर्मजीत

**तखतपुर।** ग्राम करनकापा में आयोजित अखंड नवधा रामायण में विधायक धर्मजीत सिंह शामिल हुए।

धर्मजीत सिंह ने श्रीराम परिवार का पूजन अर्चन किया तत्पश्चात उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय समाज में मर्यादा पुरुषोत्तम राम का अलग ही महत्व है। राम के प्रत्येक कर्म अनुकरणीय हैं चाहे वह आज्ञाकारी पुत्र रुप में हो, पति रुप में हो, आदर्श भाई के रुप में हो या राजा के रुप में। राम का चरित्र अतुलनीय है। उन्होंने ग्रामीण जनों की मांग पर 5 लाख की लागत से सांस्कृतिक मंच निर्माण हेतु तथा हाईस्कूल परिसर में भी विधायक निधि से 5 लाख की लागत से मंच निर्माण कराने की घोषणा की। इस अवसर पर भाजपा नेता संतोष कौशिक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष कश्यप, जिला पंचायत सदस्य अंबिका विनोद साहू, भाजपा प्रदेश प्रतिनिधि प्रदीप कौशिक,जनपद



सदस्य ऋषभ कश्यप,सरपंच संघ अध्यक्ष श्याम सुंदर कश्यप, आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रमोद कौशिक, पूर्व सरपंच रामस्वरूप कश्यप ने भी संबोधित किया । कार्यक्रम का संचालन टीकम कौशिक ने तथा आभार सरपंच सुभद्रा प्रमोद कौशिक ने किया।इस अवसर पर राम प्रसाद साहू, प्रीतम कश्यप,पंच राम साहू,विनोद साहू, मनोज साहू, सौरभ कौशिक सहित काफी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## पोषण पखवाड़ा का आयोजन 22 तक

**कोरबा।** व्यक्तिगत एवं समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी व्यवहार परिवर्तन एवं जागरूकता लाने एवं जिले में पोषण संबंधी परिणामों में सुधार लाने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 8 से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।

# अटल ने करोड़ों के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

**बिलासपुर।** कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव शुक्रवार 18 अप्रैल को कोटा विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने ग्राम करवा में जनमन योजना के तहत मिट्ठू नवागांव से बैगापारा पहुंच मार्ग पर 1 करोड़ 17 लाख 91 हजार की लागत से बनने वाली पक्की सड़क का भूमिपूजन किया। साथ ही उन्होंने ग्राम टेंगनमाड़ा में जल प्रदाय योजना अंतर्गत 71 लाख 35 हजार की लगात से पानी टंकी निर्माण एवं पाइप लाइन विस्तार कार्य का भूमिपूजन किया।

■ कोटा विस क्षेत्र का दौरा कर विविध कार्यक्रमों में हुए शामिल

अटल ग्राम लालपुर में आयोजित आवास योजना की समीक्षा एवं सर्वेक्षण में शामिल हुए एवं उन्होंने ग्राम लालपुर की हितग्राही शिवकुमारी राजपूत का एप्प के माध्यम से सर्वे किया। उन्होंने विधानसभा में आवास निर्माण की वास्तविक जानकारी प्राप्त की एवं स्वीकृत आवास के




ग्रामीणों की समस्याएंसुनते विधायक अटल श्रीवास्तव।

निर्माण जल्दी शुरू करने अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर अटल श्रीवास्तव ने कहा कि सभी पात्र हितग्राहियो को आवास आवश्यक रूप से मिलना चाहिए, कोई भी पात्र हितग्राही आवास योजना से वंचित न रहे। उन्होंने आगे कहा कि कोटा विधानसभा क्षेत्र में चल रहे समस्त शासकीय योजनाओं के विकास कार्यों की गुणवत्ता एवं समय सीमा को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को काम करना होगा। वर्तमान में क्षेत्र में पीने के पानी एवं निस्तारी हेतु जल संकट दिखाई दे रहा है, जिसको लेकर सरपंच, जनपद सदस्य एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता लगातार जानकारी प्रदान कर रहे। क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुझे जो जानकारी जल संकट को लेकर प्राप्त हुई है, उससे मैंने जिलाधीश एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को अवगत करा दिया है। जल संकट की समस्या के समाधान के लिए आवश्यकता पड़ने पर प्रभारी मंत्री एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री को अवगत कराया जाएगा। विधायक अटल ने ग्राम टेंगनमाड़ा में जनपद सदस्य शंकरलाल सोनी के निवास पहुंचकर भागवत कथा में शामिल हुए एवं व्यासपीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही वे नर्मदा मंदिर उपका में आयोजित भागवत कथा एवं ग्राम कुरूवार में आयोजित नवधा रामायण में शामिल हुए। साथ ही ग्राम कुरूवार के उपसरपंच शिवदयाल निर्मलकर के निवास पर पहुंचकर जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल हुए। उक्त कार्यक्रमों में यासीन खान, अरूण त्रिवेदी, शिवदत्त पाण्डेय, बंटी बैसवाड़े, रंजीता सिंह, ममता पवन मेश्राम, दीपक पाण्डेय, बीडी साहू, धनीराम धर्मराज, रवि प्रताप सिंह, जवाहर यादव, अंजोर पैकरा, पंकज यादव, सोनू यादव, ललीता पोर्ते, कवल खुसरो, अवधेश यादव, श्रवण पैकरा, रघुनाथ सिंह, अश्वनी उद्देश्य, उत्तम जायसवाल, मनोज वाजपेयी, अशोक केशरवानी, कपील जायसवाल, डॉ एके राय, शोयब खान, लक्की मिश्रा, प्रदीप शर्मा सहित ग्रामवासी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**कार्यालय नगर पंचायत पथरिया**
**जिला-मुंगेली (छ.ग.)**
EMAIL ID - nppatharia13@gmail.com
क्रमांक/रा.प्र./न.प./2025-26
पथरिया, दिनांक/7/04/2025

**// ईश्तहार सूचना //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती कंचन लता मनहर पति-सुनील मनहर जाति सतनामी पथरिया वार्ड क्रमांक 15 द्वारा भवन को विक्रेता श्री दीपक साहू पिता पुरुषोत्तम जाति तेली से क्रय पश्चात दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय नगर पंचायत पथरिया में नामांतरण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भवन क्रमांक 83 भूमि खसरा नंबर 6/2 रकबा 900 वर्गफुट को नगर पंचायत के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत नामांतरण आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नामांतरण ईश्तहार दिनांक से 30 दिनों के भीतर स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस कार्यालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत पथरिया
जिला मुंगेली (छ.ग.)

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार की ओर से अधिकृत होकर यह आम सूचना जाहिर करता हूँ कि मेरे पक्षकार के द्वारा श्री अजितराम, राजकुमार, जगदीश पि. गणेशराम उत्तराबाई पु. गणेशराम पवारिया के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि खसरा नं. 466/2 कुल रकबा 0.3850 हेक्टेयर कृषि भूमि स्थित मौजा खम्हरिया, ह.नं. 24, रा.नि. तखतपुर, जिला बिलासपुर मे स्थित भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया गया है, जिसका अनुबंध शीघ्र होने वाला है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति, पक्षकार या संस्था को आपत्ति हो तो आज दिनांक से सात दिन के भीतर मेरे कार्यालय में दस्तावेज सहित आपत्ति कर सकते है। बाद में की गयी आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय
**Rakshit Tiwari**
**(Advocate)**
**L/7 Vinoba Nagar,**
**Main Road Bilaspur (C.G.)**
**Mo. 9589500519**

**AFFIDAVIT**

I, Seema Kumari wife of Sri Sudhir Kumar, and daughter of Sri Harisharna Sinha, Resident of Mohall Chitragupta Nagar, Kankerbagh, Patna-800020 do here by solemnly affirm and declare as follows :- 1. That I am called and know by my name " Seema Kumari" and Seema Singh both. 2. That " Seema Singh" and "Seema Kumari" are the one and same persons, hence this affidavit.

Henceforth it is earnestly requested that for all official purposes and all official records her name shall be read and written as Seema Kumari.

**Seema Kumari**

**आम सूचना**

शैलेष अग्रवाल व सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार संजय अग्रवाल पिता श्री राजेंन्द्र अग्रवाल से शैलेष अग्रवाल पिता श्री मंदन लाल अग्रवाल के द्वारा खुद स्टाम्प खरीद कर ग्राम किरारी में स्थित मेरे पक्षकार की भूमि के अलावा अन्य की भूमि का खसरा नंबर लिखकर त्रुटि करते हुए पुटिपुर्ण किये गये इकरानामा को सुधारकर लाने के नाम पर शैलेष अग्रवाल के द्वारा कूटरचना कर मेरे पक्षकार की अनुपस्थिति मे वरुण पाण्डेय से नोटरी कराये जाने के कारण उक्त इकरारनामा विफल हो गया है मेरे पक्षकार शैलेष अग्रवाल से प्राप्त बयाना 80,00,000/- अस्सी लाख रूपये को जैसे चेक के माध्यम से प्राप्त किया गया था वैसे ही चेक के माध्यम से वापस करना चाहता है मेरे पक्षकार के आफिस में आकर पावती देने एवं अपना चेक प्राप्त कर लेंवे मेरा पक्षकार अतिरिक्त ब्याज राशि देने में असमर्थ है यदि 15 दिवस के भीतर चेक प्राप्त न करने की स्थिति में मेरा पक्षकार उक्त राशि न्यायालय के माध्यम से वापस कर देवेगा इस संबंध में आपको विधिक पत्र सुचना भी दिया जा चुका है, सो सुचना जानें।

भवदीय
शुभेन्द्र नस्कर अधिवक्ता
छ.ग उच्च न्यायालय बिलासपुर
9827181564

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

बिलासपुर, शनिवार 19 अप्रैल 2025

हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



## एजुकेशन अपडेट

# फूड सेफ्टी ऑफिसर के पदों पर निकली भर्ती, 27 तक आवेदन

**बिलासपुर।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने फूड सेफ्टी ऑफिसर के पदों पर भर्ती निकाली है। आयोग की ओर से जारी सूचना के मुताबिक, कुल 120 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। इन पदों के लिए एप्लीकेशन प्रोसेस शुरू हो चुका है। इच्छुक और योग्य अभ्यर्थी 27 अप्रैल, 2025 तक जाकर ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भर सकते हैं। आवेदन पत्र भरने के लिए अभ्यर्थियों को आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर लॉगइन करना होगा। निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र नहीं भरने वाले अभ्यर्थियों के एप्लीकेशन फॉर्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे। इसलिए इस बात का ध्यान रखें। इस भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से कुल 120 पदों पर भर्ती होनी है। इनमें, सामान्य 28, ईडबलूएस 10, ओबीसी 38, एससी 16 और एसटी वर्ग के 28 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। इस भर्ती के लिए आवेदन करने वाले कैंडिडेट्स की आयु 21 साल से 40 साल के बीच होनी चाहिए। हालांकि, आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को सरकार के नियमानुसार छूट दी जाएगी।




### नर्सिंग ऑफिसर के 733 पदों पर निकली भर्ती

नर्सिंग ऑफिसर 2025 के पदों पर भर्ती निकाली है। आधिकारिक वेबसाइट पर जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक, कुल 733 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। इन पदों के लिए एप्लीकेशन फॉर्म 14 मई, 2025 तक स्वीकार किए जाएंगे। अभ्यर्थी 07 मई, 2025 तक फीस का भुगतान कर सकते हैं। जारी आधिकारिक सूचना में कहा गया है कि इन पदों के लिए आवेदन पत्र केवल ऑनलाइन मोड में ही स्वीकार किए जाएंगे। अभ्यर्थियों को डाक के माध्यम से आवेदन पत्र भेजने की जरूरत नहीं है। साथ ही पदों की संख्या को बढ़ाया जा घटाया भी जा सकता है।

## कार्यक्रम

# शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी छत्तीसगढ़ को देगी बड़ी सौगात



**बिलासपुर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर के पदाधिकारी राजधानी पहुंचे। उनके राजधानी पहुंचने पर दयालबंद गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान सचिव अमरजीत सिंह दुआ ने बुके से उनका स्वागत किया। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर के वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र पाल सिंह मेहता, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पर्सनल सेक्रेटरी शाहबाज सिंह, शिरोमणि गुरुद्वारा अमृतसर प्रबंधक कमेटी के ओएसडी सतबीर सिंह, सिख मिशन छत्तीसगढ़ के इंचार्ज गुरमीत सिंह सैनी, गुरुद्वारा कमेटी के पदाधिकारी को सम्मानित किया गया। उनके छत्तीसगढ़ आगमन पर खुशी जताई गई। बिलासपुर-रायपुर तथा छत्तीसगढ़ के विभिन्न गुरुद्वारा के प्रबंधन समिति तथा सिख समाज के उत्थान के लिए किए जाने कार्यों पर चर्चा की। छत्तीसगढ़ सिख समाज द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। अमरजीत सिंह दुआ ने कहा है कि अमृतसर गुरुद्वारा कमेटी के पदाधिकारी ने विस्तार से चर्चा की। साथ ही छत्तीसगढ़ में सिख समाज की खुशहाली एवं समाज के द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों पर भी चर्चा की है। आने वाले समय में जल्द ही शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी छत्तीसगढ़ को बड़ी सौगात देगी। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर के पदाधिकारी पहुंचे रायपुर, अमरजीत सिंह दुआ ने किया स्वागत।

## आयोजन

# गुरु तेग बहादुर ने आस्था विश्वास धर्म की रक्षा के लिए बलिदान दिया



**बिलासपुर।** सिखों के 9 वें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर का प्रकाश पर्व श्री गुरु तेग बहादुर उमा शाला में मनाया गया। इस अवसर पर गुरु जी की छायाचित्र पर समिति के अध्यक्ष अजीत सिंह भोगल ने माल्यार्पण किया। तत्पश्चात त्रिलोचन सिंह ने दीप प्रज्वलित किया। ज्ञानी श्रवण सिंह ने पाठ कर अरदास की अरदास के पश्चात श्री गुरु तेग बहादुर शिक्षण समिति के अध्यक्ष अजीत सिंह भोगल ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर को हिंद की चादर कहा जाता है। उन्होंने आस्था विश्वास व धर्म की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। गुरुजी एक कवि और गहरी आध्यात्मिक थे। उनकी बहादुरी गरिमा मानवता गरिमा और मृत्यु आदि के बारे में विस्तार से लिखा है जिन्हें गुरु ग्रंथ साहिब में शामिल किया गया है। मानवता देह दुर्लभ है। अतः जिसने जन्म दिया है जीवन दिया है उससे प्रीति करना जरूरी है। उसका शुक्रिया के गीत गाए जाए। यह जरूरी है, उन्होंने कहा इतना ही नहीं इस नश्वर संसार में सब कुछ मित्य है, बस केवल राम भजन ही सही है। राम भक्ति नहीं करने पर मन पीछे पश्चाताप करता है निंदा करने में ही सारा जीवन बीत गया। यह कुमति नहीं तो क्या है? ऐसे महान व बहादुर महापुरुष जिन्होंने धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया उन्हें आज याद करते हुए उनकी वाणीयों को अमल करते हुए चलना चाहिए।

# मनुष्य का निर्माण होने से होता है राष्ट्र का पुनरुत्थान

### दैनिक जीवन में योग पर 'विमर्श'

> योग भारत की आत्मा है, विवेकानंद केन्द्र भी राष्ट्र पुनरुत्थान की बात करता है, जब तक प्रत्येक मानव मन चैतन्यता से नहीं जुड़ेगा, तब तक यह संभव नहीं है। योग साधना से ही मनुष्य का निर्माण होता है और मनुष्य का निर्माण होने से राष्ट्र का पुनरुत्थान होना ही है। इस भाव को लेकर यह आयोजन किया जा रहा है। मन और अंतकरण जब एक साथ होता है, तब हमारे आचार-विचार बदलते हैं।





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उक्त बातें विवेकानंद केन्द्र कन्याकुमारी शाखा बिलासपुर द्वारा आयोजित विमर्श कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हनुमंत राव ने कही। कार्यक्रम का आयोजन सिम्स आडिटोरियम में किया गया। मुख्य अतिथि एसपी रजनेश सिंह थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता संचालक विभाग के प्रतीक शर्मा ने की।

श्री शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि वे शुद्ध विश्व के साथ जुड़ गए,अशांत का कर्ण पत्थर के कर्ण वृत्ति के कारण मन अशांत हो जाता है। आदमी को शांति का अभ्यास करना,आदत बनाना, योग का विज्ञान समाज से लेना है, अपना कर्तव्य, कर्मयोग को बदलना है। संग, स्वास्थ्य रहित, ममत्व, अहंकार को छोड़ कर योग करना है,समाज की सेवा में मदद करना, विशाल कार्य करने वाले संगठन के साथ जुड़ जाना है। उन्होंने कहा कि



सामाजिक,अध्यात्म, संगत में तन, मन के विचार दूर हो जाएंगे। बड़े लक्ष्य के उद्देश्य को लेकर कार्य करने वाले संगठन के साथ जुड़कर कार्य में लग जाना है। उक्त कार्यक्रम में सुश्री गौरी,मध्य प्रांत संगठक रचना दीदी, रितु मणि, योगेन्द्र, डॉ उल्हास व्ही वारे, सिम्स के डीन रमणेश मूर्ति, डॉ ओम माखीजा,डॉ श्रीकांत गिरी सहित छत्तीसगढ़ के प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद थे।

### योग साधना को समझकर हासिल की जा सकती है सफलता : रजनेश

एसपी रजनेश सिंह ने पतंजली योग दर्शन का जिक्र करते हुए कहा कि सांस आत्मा और शरीर को जोड़कर रखती है, अगर यह पल भर रूक जाए तो मनुष्य की मृत्यु हो जाती है। इसी तरह प्रत्याहार है अगर ना हो तो नियंत्रण खत्म हो जाता है। इसके अलावा धारणा व डिवाइन भी पतंजली के प्रकार है। प्रत्येक मनुष्य के भीतर ईश्वर मौजूद है और सभी के अंदर बहुत संभावनाएं हैं, मगर द्वंद में फंसकर वे विचलित हो जाते हैं और सही मार्ग तक नहीं पहुंच पाते। योग साधना एक साइंटफिक एप्रोच है, जिसके माध्यम से हर चीज को सरलता से समझकर सफलता हासिल की जा सकती है। उन्होंने कहा कि भागवत गीता आज के समय में प्रसांगिक है, जिसे सभी को पढ़ना चाहिए। रजनेश सिंह ने गीता के प्रथम श्लोक का उदाहरण देते हुए कहा कि मन के भीतर जो अज्ञान रूपी विचार है, वही धृतराष्ट्र है। संजय रूपी संयम को मनुष्य अगर अपने जीवन में अनुसरण करें तो दिमाग में बैठी बुराई रूपी द्वंद पर विजय हासिल कर सकता है। पतंजलि योग दर्शन बहुत ही सामान्य है, उसमें ना तो किसी प्रकार का कोई रूढ़ता है और ना ही कर्मकांड, इसे बेहद सरलता से समझा जा सकता है। प्राणायम, चेतना और बुद्धि तीनों मिलकर शरीर का निर्माण करती है और इससे भी महत्वपूर्ण है सांस जो आत्मा और शरीर को जोड़कर रखती है। योग साधना को समझकर हर व्यक्ति आसानी से सफलता हासिल कर सकता है।

# क्रूस पर कहे गए, यीशु के सात वचन पर गहन मनन चिंतन

**बिलासपुर।** मसीहियों के दुख भोग सप्ताह के कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को गुड फ्राइडे कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मसीहियों के द्वारा यीशु के मृत्यु पूर्व अंतिम चरणों में क्रूस पर से कहे गए सात वाणियों पर गहन मनन चिंतन किया गया। इस पर 7 वक्ताओं ने वाणियों पर प्रकाश डाला ।

चर्च ऑफ़ क्राइस्ट सीएमडी चर्च में निर्वाचित प्राचीन समिति के सीनियर पास्टर सुदेश पाल समूह द्वारा दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक गुड फ्राइडे की विशेष आराधना की गई। इसके संचालक प्रवीण जैसल बाइबल पठन विवेक मसीह प्रार्थना की अगुवाई शीबा लुईस, आश्रिता डेविड, मधुबाला,सुलक्षणा बहादुर द्वारा की गई भेंट उठाने का कार्य संजना डेनियल, आस्था बहादुर,श्वेता हेनरी, निवेदिता पॉल ने किया ।

### चर्च ऑफ़ क्राइस्ट सीएमडी चर्च में पास्टर सुदेश पाल समूह ने कराई गुड फ्राइडे की विशेष आराधना







**आराधना में इनकी रही उपस्थिति :** गुड फ्राइडे की आराधना में बड़ी संख्या में मसीह जन उपस्थित रहे। जिसमें विल्सन जॉन मसीह, अरविंद कुमार, प्रवीण जैसल, मनीष दास, राहुल जॉन, सालोमान सिंह, डेनियल परीक्षा, अजय सिंह, सीरिल बी दास, नॉर्मल हेनरी, शशांक दास, आयुष बाग, अमन चांदी, विवेक पाल, सनी जॉन, नवीन विलियम, अजय सिंह, जेम्स फ्रांसिस, जेराल्ड डेनियल, अनूप लवंग, एंजेलिना लवंग, फ्रेनी मसीह, मंजू निशा, एलिस दास, अरुण दास, अरुण कुमार, श्वेता दास, सुनीता डेनियल, रीना दास, सरिता पॉल, एंजेलिना पॉल आदि मौजूद थे।

### सात वाणियों पर वक्ताओं ने अपने विचार प्रकट किए

पहले वाणी में वक्ताओं ने कहा हे पिता इन्हें क्षमा कर, ये नहीं जानते कि क्या कर रहे हैं। दूसरी वाणी-आज ही रात, तू मेरे साथ स्वर्ग लोक में होगा। तीसरी वाणी-हे नारी देख या तेरा पुत्र है, यूहन्ना से, और यह तेरी माता है। चौथी वाणी- हे मेरे परमेश्वर, तूने मुझे क्यों छोड़ दिया। पांचवी वाणी-मैं प्यासा हूं। छठवीं वाणी- पूरा हुआ। सातवीं वाणी- हे पिता, मैं अपनी आत्मा तेरे हाथों में सौंपता हूं। उक्त वाणियों पर मुकेश पाल, अमित बहादुर, प्रीति वालेस, शामुएल वालेस, मार्ग्रेट पॉल, एंजेलिना पॉल और पास्टर सुदेशपाल ने प्रकाश डाला।

### भारतीय शिक्षा बोर्ड पर संगोष्ठी और समान सम्मान समारोह



# आधुनिक शिक्षा में भारतीय ज्ञान परंपरा की जरुरत

**बिलासपुर।** लखीराम ऑडिटोरियम में आज भारतीय शिक्षा बोर्ड के संगोष्ठी का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ डा. सचिन यादव के स्वागत उदबोधन के बाद किया गया। भारतीय स्वाभिमान ट्रस्ट के विशिष्ट राज्य प्रभारी संजय अग्रवाल ने विषय को रखा।

संगोष्ठी के मुख्य वक्ता भारतीय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. एनपी सिंह ने भारतीय शिक्षा बोर्ड की आवश्यकता एवं महत्व पर अपने विचार रखते हुए कहा कि यदि हमने रामायण, गीता, वेद पुराण, आदि का अध्ययन किया होता तो आज हम पैकेज की बात नहीं करते। आधुनिक शिक्षा में भारतीय ज्ञान परंपरा की आवश्यकता इसलिए है कि हम पुनः वेदों की ओर लौटे और अपनी समृद्धि संस्कृति पर गर्व करें। बाबा रामदेव को भारतीय शिक्षा बोर्ड की स्थापना करने कृतज्ञता भी ज्ञापित किया । विशिष्ट अतिथि डीईओ डॉ. अनिल तिवारी ने भारतीय शिक्षा बोर्ड की खूबियों की सराहना करते हुए कहा कि मुझे जहां तक हो सकेगा मैं भारतीय शिक्षा बोर्ड यहां पर लागू करूंगा तथा भारतीय शिक्षा बोर्ड के एफीलिएशन को लेकर किसी प्रकार की कोई परेशानी किसी को नहीं होगी।

### भारतीय शिक्षा बोर्ड आत्मा से जोड़ने का माध्यम : कुलपति बाजपेयी

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एयू के कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ बाजपेई ने भारतीय शिक्षा बोर्ड को स्व से जोड़ने की बात कही । उन्होंने कहा कि हमारे शरीर के चार भाग हैं -शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा। यह जो स्व है हमें आत्मा से जोड़ता है। यदि हम अपनी आत्मा को जान गए तो कुछ जानना आवश्यक नहीं रह जाता है। यह भारतीय शिक्षा बोर्ड आत्मा से जोड़ने का माध्यम है। यह मनुष्य को मनुष्यता की ओर ले जाएगा । इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों से आए शिक्षकों के मन में भारतीय शिक्षा बोर्ड को लेकर उठे सवालों का सटीक उत्तर भारतीय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ.एन पी सिंह ने देकर उन्हें संतुष्ट किया ।

### अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के अनेक जिलों से आए शिक्षकों को अतिथियों द्वरा स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। भारतीय शिक्षा बोर्ड के प्रभारी डॉ सचिन यादव ने सभी लोगों के आने का आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अत्यधिक संख्या में शिक्षाविद विविध स्कूलों के प्राचार्य, डायरेक्टर 285 से अधिक स्कूल तथा प्रशिक्षक उपस्थित थे।

### मेंस सीनियर टी 20 प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता

# इम्तियाज़ के ऑलराउंड प्रदर्शन से बिलासपुर ब्लू की पहली जीत

स्पोर्ट्स न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित मेंस सीनियर टी 20 प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बिलासपुर ब्लू ने अपना पहला मैच कोरिया के मध्य रायपुर के आरडीसीए मैदान में खेला। क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल ने बताया कि इसमें बिलासपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। कोरिया की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 16.3 ओवर में 95 रन बनाकर आउट हो गई। कोरिया की ओर से बल्लेबाजी करते हुए वैभव बघेल ने 23 रन और अमित कुमार यादव ने 18 रनों का योगदान दिया। वहीं बिलासपुर ब्लू की ओर से गेंदबाजी करते हुए शुभम यादव ने 9 रन देकर 3 विकेट लिए। परिवेश धर, ओम वैष्णव और इम्तियाज़ को दो-दो विकेट मिला। इसके पश्चात बिलासपुर ब्लू ने बल्लेबाजी करते हुए 96 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 15.4 ओवर में 6 विकेट खोकर 100 रन बना लिए। जिसमें कप्तान इम्तियाज़ ने नाबाद रहते हुए 29 रनों का योगदान दिया। वहीं जी श्रीकांत ने 23 रन और अतुल पाल ने 22 रन बनाए। कोरिया की ओर से गेंदबाजी करते हुए शुभम शर्मा और अजय कुमार मिश्रा ने दो-दो विकेट प्राप्त किए। इस तरह बिलासपुर ब्लू ने अपना पहला मैच 4 विकेट से जीत दर्ज की और 4 अंक प्राप्त किए। मैच के निर्णायक नितिन कठवार और उदित बक्शी थे। स्कोरर मनोज तिवारी और ऑब्जर्वर नवीन श्रीवास्तव टीम के कोच सुशांत शुक्ला हैं। बिलासपुर ब्लू अपना दूसरा मैच 20 अप्रैल को सरगुजा के मध्य रायपुर के आरडीसीए मैदान में खेलेगी।

### दूसरा मैच कल सरगुजा के साथ




18 APRIL- BSP-PG-6_Layout 1 4/19/2025 12:42 AM Page 1



**खबर संक्षेप**

## गार्ड की संदिग्ध मौत दर्ज किया गया मामला



**बिलासपुर।** फैक्ट्री में नाइट ड्यूटी में गए गार्ड की चैनल गेट गिरने की वजह से मौत हो गई। परिजन उसे सिम्स लेकर गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामला चकरभाठा थाना क्षेत्र का है। जहां मगउछला निवासी आनंदराम डाहिरे पिता भोलाराम डाहिरे उम्र 45 वर्ष गार्ड की नौकरी करता था। गुरूवार की रात रोज की तरह वह चकरभाठा स्थित श्रद्धा वर्कशाप फैक्ट्री में नाइट ड्यूटी करने लगाया था। परिजनों के अनुसार सुबह उसके हताहत होने की खबर दी गई। बताया गया है कि वर्कशाप में चैनल गेट उस पर गिर गया है, परिजन आनन-फानन में उसे इलाज के लिए सिम्स ले गए, लेकिन अबतक बहुत देर हो चुकी थी।

## कार ने मारी टक्कर बाइक सवार की मौत



**बिलासपुर।** काठाकोनी से सकरी आ रहे बाइक सवार को कार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार की मौत हो गई और वहीं बाइक के पीछे बैठा अन्य व्यक्ति गंभीर रूप में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार मामला सकरी थाना क्षेत्र का है। जहां सकरी बजरंग नगर निवासी कोमल विश्वकर्मा पिता रामलाल विश्वकर्मा उम्र 45 अपने साथी वासुदेव साहू पिता दुर्गा प्रसाद साहू उम्र 40 के साथ बाइक से काठाकोनी से सकरी लौट रहा था। इस दौरान तेज रफ्तार कार क्रमांक सीजी 04 एलयू 9881 ने बाइक सवार को सकरी के पास जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनो बाइक सवार 20 फीट दूर जाकर गिर गए। आसपास के लोगों ने कार चालक को पकड़ लिया और पुलिस और 108 को इसकी सूचना दी। 108 वाहन द्वारा दोनों बाइक सवार को सिम्स लाया गया। इस दौरान हादसे में कोमल विश्वकर्मा की मौत हो गई, वहीं गंभीर हालत में वासुदेव साहू को सिम्स में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

कुत्ते और छोटे जानवरों को लायंस कंपनी तो बड़े मवेशियों के लिए अलग से ठेका

# मृत पशुओं के शव का निष्पादन बड़ी चुनौती, मंगला में दफना रहे, बदबू और गंदगी से लोग परेशान



मंगला में किया जा रहा कचरा डंप, गंदगी और बदबू से बीमारी फैलने की आशंका।



मंगला में निगम की खाली पड़ी जमीन पर मृत मवेशियों को किया जा रहा दफन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंगला चौक को निगम ने कचरा घर बनाकर रख दिया है। रोजाना शहर और आसपास का कचरा यहां फेंका जा रहा है। इससे लोग परेशान है। इसके साथ ही निगम क्षेत्र सहित जिले में जानवरों के शवों को खुले में फेंका जा रहा है। इनके दफनाने की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण गंदगी और बदबू तो फैल ही रही है, बीमारी की भी आशंका है।

- कचरे के कारण मंगलावासी परेशान हो रहे हैं
- शहर के बाहर भी स्थान की तलाश नहीं कर पाया निगम

हालांकि निगम का कहना है कि मंगला में निगम की 25 एकड़ जमीन पर इन्हें दफनाने के साथ ही उपर से मिट्टी डाली जाती है, जिससे बदबू ना फैले। निगम का कहना है कि कुत्ते और छोटे जानवरों को लायंस कंपनी ले जा कर दफनाती है तो बड़े मवेशियों के लिए अलग से दूसरी कंपनी को काम दिया गया है, जिसे प्रति महीना एक लाख का भुगतान किया जाता है। यह एजेंसी पशुओं की शरीर में जरूरी चीजों जैसे वसा, हड्डी का चूरा जैसे अन्य उपयोगी वस्तु निकालकर शेष हिस्से को जमीन में दफना देती है। शहर के मंगला में महीनों से कचरा डंप कर उसे कूड़ा घर के रूप में तब्दील कर दिया है। कचरे के कारण मंगलवासी परेशान हो रहे हैं।

गंदगी और मच्छरों ने जीना दूभर कर दिया है। इसके बावजूद अधिकारी सफाई पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। दूसरी ओर शहर में मृत होने वाले मवेशियों के निस्तारण के लिए नगर निगम के पास कोई ऐसा स्थान नहीं है, जहां पर ठीक तरीके से व्यवस्था बनाई जा सके। इसलिए अलग-अलग स्थानों पर मवेशियों को फेंका जाता है। हाल यह है कि शहर के भीतर स्थान की कमी है और शहर के बाहर भी नगर निगम कोई स्थान नहीं तलाश पाया। इससे समस्या और भी बढ़ गई हैं।

## पार्षद ने सामान्य सभा में उठाया मामला




निगम अधिकारियों के मुताबिक मृत मवेशियों को लेकर मंगला में निगम की खाली 25 एकड़ जमीन पर दफनाया जाता है। हालांकि इस पर कई बार स्थानीय लोग आपत्ति दर्ज करा चुके हैं। निगम अधिकारियों को पत्र भी लिखा गया है। अब स्थानीय वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद हेमंत मरकाम ने इस मुद्दे को सामान्य सभा में भी उठाया है। उन्होंने पूछा है कि मरे हुए जानवरों को मंगला में फेंकने से आसपास के क्षेत्रों में बदबू फैलती है। इसे दूसरे जगह कब शिफ्ट किया जाएगा। पार्षद का कहना है कि खुले में ही मवेशियों को फेंक कर निगम के कर्मचारी चले जाते हैं, जिससे दुर्गन्ध फैलती है। कुछ जगह गड्ढे पर भी फेंका जा रहा है। इसमें मवेशियों का शरीर सड़ता रहता है। इस कारण विरोध शुरू किया गया है।

## इंदौर में इंसीनरेटर तकनीकी का इस्तेमाल

इंदौर नगर निगम सफाई मामले में देश भर में अव्वल है, इसके लिए वह इंसीनरेटर तकनीकी का इस्तेमाल करने जा रहा है। पशुओं को जमीन में दफनाने की परेशानी को देखते हुए इंदौर नगर निगम ने यह नया प्रयोग किया है। अब पशुओं के लिए भी शवदाह गृह बनाने की तैयारी की जा रही है। ऐसा देश में पहली बार होने जा रहा है। दरअसल, इंदौर की तरह ही लगभग हर शहरों में मृत पशुओं के शव का निष्पादन बड़ी चुनौती है। ग्रामीण स्तर पर अभी भी ऐसे मृत पशुओं को जमीन में दफनाया जा रहा है। शहरों में भी यही स्थिति है। इसके लिए कोई नियत स्थान चिह्नित नहीं होता। कई बार विवाद की स्थिति भी बनती है।

### इंसीनरेटर की ली जाएगी जानकारी

मृत पशुओं के शव का निष्पादन फिलहाल मंगला में ही किया जा रहा है। इंदौर में इंसीनरेटर के माध्यम से इसके निष्पादन की जानकारी ली जाएगी।

**- अमित कुमार**
आयुक्त, नगर निगम

### कछार ले जाया जा रहा है कचरा

मंगला में निगम की 25 एकड़ जमीन पर मवेशियों को दफनाने के साथ ही उपर से मिट्टी डाली जाती है जिससे की बदबू ना फैले। कुत्ते और छोटे जानवरों को लायंस कंपनी ले जा कर दफनाती है तो बड़े मवेशियों के लिए अलग से दूसरी कंपनी को काम दिया गया है। मंगला में डंप हो रहे कचरे से को उठाकर कछार ले जाया जाता है।

**- खजांची कुम्हार**
अपर आयुक्त

प्रेमी की शादी होने से थी नाराज

## नाबालिग युवती की मौत

**बिलासपुर।** शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने और शादी नहीं करने से नाराज नाबालिग युवती ने फांसी लगा ली, परिजनों ने उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया था, करीब 1 माह तक चले इलाज के दौरान उसे बचाया नहीं जा सका, 18 अप्रैल को उसने निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। शुक्रवार को सिम्स में नाबालिग युवती का पोस्टमार्टम कराया गया। मामला दुल्लापुर थाना पंडरिया क्षेत्र का है।

- 1 माह से चल रहा था इलाज, बिलासपुर में हुई मौत

युवती के परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी का प्रेमप्रसंग गांव के रहने वाले घनश्याम साहू के साथ है, इस दौरान युवक ने नाबालिग को शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण किया और दूसरे से शादी कर ली, इससे युवती की मानसिक हालत खराब रहने लगी और उसने 22 मार्च को फांसी लगा ली, घर पर मां ने उसे ऐसा करते देखा और जैसे तैसे जान बचाई और गंभीर हालत में लोरमी अस्पताल में भर्ती कराया, हालत में सुधार नहीं होने पर उसे बिलासपुर के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया और 18 अप्रैल तक इलाज किया गया। शुक्रवार की सुबह 10 बजे उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल ने पीएम के लिए उसका शव सिम्स भेज दिया। इस दौरान सिम्स में परिजनों ने युवक और उसके परिवार वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं और पुलिस ने न्याय की उम्मीद जताई है।

## मारपीट के आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** होली के दौरान चापड़ लहराकर गांव में दशहत का माहौल फैलाने कर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने फरार आरोपियों को पकड़ने में कामयाबी हासिल की गई है। पुलिस ने सभी आरोपियों को जेल भेज दिया है।

होली के दौरान 14 मार्च को आरोपी गोपी वर्मा, मोनू वर्मा, चंदर वर्मा, प्रखर वर्मा, किशन वर्मा सहित नाबालिग ने गाली गलौज करते हुए जलसो निवासी सुमित कुमार के साथ मारपीट की थी। प्रार्थी ने इसकी रिपोर्ट 31 मार्च को कोनी थाने में दर्ज कराई थी। मारपीट के दौरान आरोपीगण लोहे की छूरी लेकर प्रार्थी को मारने पहुंचे थे। घटना घर के दरवाजे में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई, आरोपियों ने घर में लगे कैमरों को भी नुकसान पहुंचाया था। घटना के बाद से ही जलसो गांव का माहौल खराब हो गया था और पुलिस मामले में आरोपी की पतासाजी कर रही थी। मामले में फुटेज के आधार पर पुलिस ने गोपी वर्मा पिता लाल वर्मा उम्र 22 साल, मोनू वर्मा पिता दाऊराम वर्मा उम्र 23 साल, चंदर वर्मा उर्फ टोबो पिता दिलहरण वर्मा उम्र 19 साल, प्रखर वर्मा उर्फ राका वर्मा पिता सीताराम वर्मा उम्र 23 साल, किशन वर्मा पिता श्री लाल वर्मा उम्र 26 साल को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में नाबालिग से पूछताछ की गई है।

## डॉग बाइट के केस बढ़े, सिम्स में हर माह 25 सौ रैबीज इंजेक्शन की खपत

**बिलासपुर।** सड़क पर आवारा घूम रहे कुत्तों का आंतक बढ़ चुका है। सिम्स अस्पताल में हर दिन 60 से 70 लोगों को रैबीज का इंजेक्शन लगाया जा रहा है। इस संबंध में सिम्स प्रबंधन लोगों से रैबीज से बचाव को लेकर निर्देश जारी किए है।

जनवरी से अब तक सिम्स में 7 हजार से ज्यादा लोगों को रैबीज का इंजेक्शन लगाया जा चुका है। आवारा कुत्तों के काटने से जनवरी में 599, फरवरी में 438 और मार्च में 391 लोगों को रैबीज का इंजेक्शन लगाया गया है। इसके अलावा पालतु कुत्ते और बिल्ली के काटने से 329 लोगों को इंजेक्शन लगाने की जरूरत पड़ चुकी है। पिछले साल 22 हजार 824 लोगों को रैबीज का इंजेक्शन लगाया गया था। वहीं बंदरों व अन्य जानवरों से हताहत हो चुके 30 लोगों को रैबीज लगाया गया है। इस बारे में सिम्स प्रबंधन ने लोगों को सुरक्षित रैबीज के लिए उपाय जारी किए हैं। डीन डॉ रमणेश मूर्ति ने बताया कि सिम्स में 24 घंटे रैबीज इंजेक्शन उपलब्ध करने के निर्देश दिए गए है। दरअसल इसके वायरस सीधे तौर पर नर्वस सिस्टम को कमजोर करते है ऐसे में लोगों को लापरवाही बरतने एवं झाड़फूंक से बचना चाहिए।

वीडियो वायरल होने पर मचा हड़कंप

## दुर्ग के नाबालिग खिलाड़ी ने बिलासपुर में लगाई लाइव फांसी



**बिलासपुर।** शुक्रवार को इंस्टाग्राम में लाइव आकर एक युवक के जंगल में फांसी लगाने का वीडियो वायरल होने से हड़कंप मच गया। जानकारी मिलने पर चार थानों की पुलिस युवक की तलाश करती रही, परन्तु रात तक उसका शव बरामद नहीं हो सका था।

जानकारी के अनुसार दुर्ग कुम्हारी का एक नाबालिग कबड्डी खिलाड़ी 15 अप्रैल को बिलासपुर आया था। 17 अप्रैल को उसने अपने परिजन को मैसेज कर आत्महत्या करने की बात कही और बिलासपुर आकर शव ले जाने कहा। 18 अप्रैल को उसने सिलपहरी से सटे तोरवा क्षेत्र के जंगल में फांसी का फंदा बनाकर उसमें लटकने का लाईव वीडियो वायरल कर दिया। करीब 7 मिनट 30 सैकेंड के वीडियो में वह एक स्टूल पर खड़े होकर पेड़ पर फांसी का फंदा बनाते, उसमें लटकते और तड़पते दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा है कि युवक के परिजन तत्काल कुम्हारी थाना पहुंचे और सूचना देने के बाद बिलासपुर रवाना हुए। नाबालिग की पहचान कर ली गई है, वह घर से कबड्डी खेलने जा रहा हूं कहकर निकला था। लाइव वीडियो वायरल होने के बाद भी पुलिस 12 घंटे में नाबालिग की पतासाजी नही कर पाई है। विडियो वायरल होने के बाद बिलासपुर जिला अंतर्गत तोरवा, सिरगिट्टी, सरकंडा, थाना क्षेत्र के जंगल में युवक की घंटों तलाश की जाती रही। उसके आखिरी लोकेशन से 10 किलोमीटर की रेंज में बॉडी की तलाश की जाती रही है।

### थाने में रिपोर्ट की नहीं मिली सूचना

सिटी कोतवाली सीएसपी अक्षय प्रमोद सुभद्रा ने बताया कि जानकारी मिलने पर पतासाजी की गई है, लेकिन किसी थाने में रिपोर्ट और शव बरामद होने की सूचना नही मिली है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
अब हर माह आप बनेंगे
भाग्यशाली
विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार 1100
नियम व शर्ते लागू
नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

स्वामी जी 93406-38884
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक: 23 मई 2025, 06 जून 2025, 14 अगस्त 2025, 11 सितंबर 2025, 03 अक्टूबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

18-APR--REGNOL--pg-5 -ALTOR_Layout 1 4/19/2025 12:01 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### टीवी टेक्नीशियन के घर चोरी, नकदी व जेवर पार



**कोरबा।** जिले में एक टीवी टेक्नीशियन के घर से 60 हजार की चोरी हुई है। खरमोरा टावर बस्ती में रहने वाले वीरेंद्र पटेल के नए घर में चोरों ने पहले रेकी की फिर सोना-चांदी और कैश लेकर भाग गए। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है। घटना के समय घर में कोई नहीं था। वीरेंद्र अपने परिवार सहित पुराने घर में रात रुकने चले गए थे। सुबह जब वे वापस लौटे तो घर का ताला टूटा मिला। बेडरूम की दो अलमारियों का भी ताला तोड़कर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है और संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर रही है। चोर करीब 20 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और 40 हजार रुपए नगद लेकर फरार हुए है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, इस क्षेत्र में चोरी की घटनाएं आम हो गई हैं। इसी इलाके में कुछ दिन पहले एक निर्माणाधीन मकान से दो क्विंटल सरिया और बोर की चोरी हुई थी। क्षेत्र के पास बांसबाड़ी जंगल है, जहां नशेड़ियों का जमावड़ा रहता है। चोर पहले घर की रेकी करते हैं। फिर रात में पत्थर फेंककर यह जांचते हैं कि घर में कोई है या नहीं। घर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर वे चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं।

### कोयला से लदे ट्रेलर में लगी आग, पाया काबू



**कोरबा।** दीपका थाना क्षेत्र में एक बड़ा हादसा टल गया। कोयला लदे एक ट्रेलर में अचानक आग लग गई। घटना दीपका खदान से गौरव पथ रोड की तरफ जाते समय की है। ट्रेलर से धुआं निकलता देख राहगीरों ने वाहन चालक को रोकने का प्रयास किया। तेज रफ्तार के कारण वाहन काफी दूर जाकर रुका। चालक को आग की जानकारी मिलते ही उसने कंपनी को सूचित किया। मौके पर पानी टैंकर बुलाकर आग पर काबू पाया गया। यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार कोयला लदी मालगाड़ी और ट्रेलर में आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं। खदान में लोडिंग के दौरान बरती जा रही लापरवाही इस तरह की घटनाओं का मुख्य कारण है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए परिवहन विभाग को नियमित निगरानी करनी चाहिए। चौराहों पर वाहनों की जांच बढ़ाई जानी चाहिए। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना न हो।

### बकाया वेतन मांगने पर मजदूरों के साथ क्रूरता

**कोरबा।** जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। भीलवाड़ा (राजस्थान) से कोरबा आए दो मजदूर भाइयों को सिर्फ दो महीने की बकाया वेतन मांगने पर उनका अपहरण कर खपराभट्ठा इलाके के एक गोदाम में बंद कर बेरहमी से टॉर्चर किया गया। पीड़ित मुकेश और विनोद को फरवरी में आइसक्रीम लॉरी में 10 हजार रुपए मासिक वेतन, साथ में खाना और रहने की सुविधा के साथ काम पर रखा गया था लेकिन जब उन्होंने वेतन मांगा तो उन्हें अगवा कर गोदाम में बंद कर दिया गया। उनके साथ की गई क्रूरता ने मानवता को शर्मसार कर दिया। कपड़े उतरवाकर डंडों से मारा गया, पैरों के नाखून प्लायर से खींचे गए, बिजली के झटके दिए गए, पूरी घटना का वीडियो बना कर परिवार को भेजा गया और 30 हजार की फिरौती मांगी गई। 15 अप्रैल को लगभग 23 हजार 950 रुपए ट्रांसफर होने के बाद दोनों को छोड़ा गया। इसके दो दिन बाद आरोपी छोटू गुर्जर ने भीलवाड़ा जाकर पीड़ितों को धमकाया कि यदि पुलिस को जानकारी दी तो जान से मार देगा। घटना के बाद पीड़ितों और उनके परिवार ने न्याय की मांग की है।

## यीशू के बलिदान को मसीही समाज ने किया याद

# गिरजाघरों में विशेष आराधना के साथ मना गुड फ्राइडे



गुड फ्राइडे पर गिरजाघर पहुंचे मसीहीजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले के सभी गिरजाघरों, प्रार्थना भवन में गुड फ्राइडे पर विशेष आराधना हुई। जिले के डिसाईपल्स चर्च आफ क्राइस्ट सीआफसी सीएनआई चर्च की कलीसिया द्वारा मिशन अस्पताल परिसर स्थित चौपल प्रार्थना भवन में दोपहर 12 बजे से प्रभु यीशु मसीह के बलिदान को याद करते क्रूस पर कहे 7 वचनों का प्रचार मनन प्रार्थना गीतों के साथ किया गया। जहां बड़ी संख्या में मसीही लोग उपस्थित रहे।

पास्टर लॉरेंस राज की अगुवाई में कलीसिया के सभी मसीही लोगों के घर बीते 40 दिनों तक उपवास और प्रार्थना के साथ प्रभु यीशु के वचनों का प्रचार किया गया था। जहां मुख्य पुनरुथान पर्व से पहले आज समस्त मानव जाति के पापों के छुटकारे के लिए मसीह यीशु के क्रूस पर हुए बलिदान को याद किया गया। गुड फ्राइडे की विशेष आराधना पर क्रूस से प्रभु यीशु मसीह द्वारा बोले गए 7 वाणियों पर कलीसिया से चुने गए सदस्य पहली वाणी श्वेता राज, दूसरी वाणी ज्योति लाल, तीसरी वाणी कुमारी कृति मोजेस, चौथी वाणी वीरेंद्र जगत, पांचवीं वाणी चांदनी मसीह, छठवीं वाणी सुनीता डेविड लाल, सातवीं वाणी पास्टर लॉरेंस राज, सभी वचनों पर प्रकाश डालने बोलने का अवसर प्राप्त हुआ। जहां प्रत्येक वाणी के अंतराल में जवानों और कलीसिया के सदस्यों द्वारा विशेष प्रार्थना गीत गाया गया। पास्टर लॉरेंस राज ने बताया कि गुड फ्राइडे मसीही धर्म में महत्वपूर्ण दिन है। इस दिन समस्त मानव जाति के पापों की क्षमा के लिए मसीह यीशु बलिदान हुए उनके इस असीम प्रेम बलिदान को पुनरुथान पर्व से पहले याद किया जाता है। कलीसिया के वरिष्ठ सदस्य डॉ. नवनीत राज सैमुएल ने बताया कि गुड फ्राइडे के दिन ही प्रभु ईसा मसीह को सूली क्रूस पर चढ़ाया गया था। सीएनआई कमेटी के सचिव संदीप लाल ने बताया कि आज के दिन प्रभु के सात वचनों का मनन किया गया। कलीसिया के जवान और महिला सभा के सदस्यों द्वारा गुड फ्राइडे और पुनरुथान पर्व को लेकर गिरजाघरों की विशेष साफ-सफाई श्रम दान के साथ की गई। शुभ शुक्रवार की आराधना के अवसर पर पादरी लारेंस राज, श्वेता राज, ज्योति लाल, कुमारी कीर्ति मोजेस, विरेन्द्र जगत, चांदनी मसीह, सुनीता डेविड, समाज के वरिष्ठ सदस्य संदीप लाल, अजय राही, अरविन्द दान, डेविड लाल, पवन फ्लेंडर, डॉ. सालोमन, डॉ. शामूएल, डॉ. इक्का, शैलेन्द्र टाईटस, अरविन्द लाल, अमित लाल, अजय दास, आमोस डेविड, शोर्य राज लालजी सहित समस्त जवान कमिटी मेंबर्स कलीसिया के सदस्य उपस्थित रहे।

### सीएनआई चर्च में यीशु मसीह की सात वाणियों पर किया गया मनन



**तखतपुर।** सीएनआई चर्च में गुड फ्राइडे पर यीशु मसीह की कही गई सात वाणियों पर मनन किया गया। आराधना का संचालक रेव्ह नवीन मसीह ने किया। सात वाणियों में छह का प्रकाशन मुख्य वक्ता सीटी जेसन तथा पांचवी वाणी का प्रकाश अल्का नवीन मसीह ने किया। आराधना के दौरान यूथ से सनाया प्रसाद, ऋतिका प्रकाश, नीलिमा मसीह, अनामिका मसीह, निशि मसीह, सिफा मसीह, रेचल मसीह, के मसीह, सिंधिया रानी, रिया मसीह, समीक्षा मसीह, शिव्या रानी ने गीत प्रस्तुत किया। पी बेनेट ने विशेष कविता प्रस्तुत कर आराधना में समा बांधा। आराधना के मुख्य वक्ता रेव्ह सीटी जेसन ने बताया कि समस्त मनुष्य जाति में पाप भर गया था उनका उद्धार अनिवार्य है। परमेश्वर ने मनुष्य जाति के उद्धार के लिए एक मेमन के रूप में प्रभु यीशु मसीह को संसार में भेजा ताकि अपना बलिदान देकर मनुष्य को पाप के बंधन से छुड़ा सकें। इस अवसर पर सैकड़ों मसीही जन मौजूद रहे। डिसाईपल्स आफ ख्राईष्ट चर्च मिशन कम्पाउण्ड में इस अवसर पर मुख्य वक्ता रेव्ह नवीन मसीह, सहयोगी आयुष मसीह, स्थानीय पासबान आशीष दान, अध्यक्ष सनत मसीह, कोषाध्यक्ष रेव्ह एच दास, सचिव आवेश जान, उपाध्यक्ष के सिंह, वंदना मसीह, एस बक्स, ए दास, ऋतुराज बसंल, समीर नायक, अमित मसीह, संदीप मसीह, शोमना मसीह, नीरज मसीह, गोमेद दास सहित अन्य उपस्थित रहे।



## कांग्रेस की 'बेटी बचाओ न्याय यात्रा' 20 को, बैज होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली/लोरमी

7 वर्षीय बच्ची के लापता होने घटना में न्याय की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी की ओर से रविवार 20 अप्रैल को 'बेटी बचाओ न्याय यात्रा' निकाली जाएगी। यात्रा सुबह 10 बजे कोसावाड़ी से शुरू होगी एवं कोदवामहंत, डोंगरिया, झाझपूरी होते हुए लोरमी थाना पहुंचेगी। इस पदयात्रा का उद्देश्य घटना को लेकर स्थानीय प्रशासन और सरकार का ध्यान आकर्षण कराना है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी को इस संबंध में ज्ञापन है। यह पदयात्रा शांतिपूर्ण तरीके से लोरमी थाना तक पहुंचेगी एवं थाने का घेराव किया जाएगा।

पदयात्रा के संबंध में थानेश्वर साहू, संजीत बनर्जी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मनीष त्रिपाठी, जवाहर साहू, आत्मा सिंह क्षत्रीय, नरेश पाटले के नेतृत्व में स्थानीय विश्राम गृह में कांग्रेस की बैठक हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष धनश्याम वर्मा के निर्देश पर बेटी एवं गरीब परिवार को न्याय दिलाने हेतु यात्रा का निर्णय लिया गया। ज्ञात हो कि ग्राम कोसाबाड़ी की 7 वर्षीय मासूम बच्ची 11 अप्रेल रात से लापता है, जिसकी तलाश अभी तक नहीं की जा सकी है। यात्रा को लेकर ज्ञापन सौंपने के दौरान डिंडौरी ब्लाक अध्यक्ष पुरुषोत्तम मार्को, लखन कश्यप, प्रकाश वैष्णव, अरुण कुलमित्र, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष उर्मिला यादव, लता रानी वैष्णव, खुशबू वैष्णव, पार्षद धनंजय दुबे, मोनू निषाद, लोचन राजपूत, गणेश राजपूत, जाकिर हुसैन, राजा त्रिपाठी सोहन वर्मा, जनपद सदस्य मध्यम पटेल, देव मार्को, रामू निषाद, कैलाश सेन, राजेश मरावी, सागर तिवारी, कृष्ण यादव, हेमंत मानिकपुरी, रामनिहोर कश्यप, राजेश चंद्राकर, जलेश्वर कश्यप, कृष्ण कुमार सोनी, लल्ला सिंह ठाकुर, डॉ रमेश कश्यप, आकाश वैष्णव, भूपेंद्र वैष्णव, बिंदु यादव, दिलीप बंजारे, प्रमोद काटले, भागवत ढीमर, शैली अभिलाष जायसवाल मनोज कश्यप, सरोज कुमार यादव, राजकुमार साकत, देवदास मानिकपुरी श्याम सुंदर काटले सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित रहे। आगामी 20 अप्रैल को बेटी बचाओ न्याय यात्रा में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज भी शामिल होंगे। उक्त जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने दी है। उन्होंने बताया कि यह यात्रा प्रदेश में बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और न्याय के उद्देश्य से निकाली जा रही है, जिसमें श्री बैज की भागीदारी से अभियान को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी।

## क्षेत्र की दो भाजपा नेत्रियां बनीं जिपं सभापति

**पथरिया।** क्षेत्र की दो महिला जिला पंचायत सदस्यों को जिला पंचायत की स्थायी समितियों के अध्यक्ष पद के लिए चुना गया है। जिला पंचायत मुंगेली में आयोजित सम्मेलन में पथरिया विकासखंड के मोहभट्ठा सरगांव जिपं क्षेत्र से निर्वाचित भाजपा की नेत्री अंबालिका साहू को संचार एवं संकर्म विभाग का सभापति चुना गया एवं विखं के जुनवानी जिपं क्षेत्र से निर्वाचित अनिला देवेंद्र राजपूत को महिला एवं बाल विकास विभाग का सभापति चुना गया।




ज्ञात हो कि पथरिया विखं एवं बिल्हा विधानसभा क्षेत्र में तीन जिला पंचायत क्षेत्र आते हैं, जिसमे से दो महिला नेत्रियों को जिला पंचायत में सभापति चुना गया। सभापति निर्वाचित होने के उपरांत अम्बालिका साहू ने कहा कि क्षेत्रवासियों के आशीर्वाद से तीसरी बार जिला पंचायत से ग्रामीणों की सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है, उन्होंने सभापति निर्वाचन में आशीर्वाद के लिए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक का आभार जताया, साथ ही उनके नेतृत्व एवं मार्गदर्श में ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास का संकल्प दोहराया। इसी तरह अनिला ने भी क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक का आभार जताते हुए कहा कि ग्रामीणजनों की सेवा का अवसर मिला है, जिसमें पूरी क्षमता से काम करते हुए जुनवानी क्षेत्र में शासन की लोकहितकारी योजनाओं के सफल क्रियान्यवन सुनिश्चित करेंगे।

## समाज के लिए बुराई है नशा



**तखतपुर।** ग्राम करनकापा में जन चेतना कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें थाना प्रभारी देवेश कुमार राठौर ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा समाज के लिए बुराई है नशे के कारण कई परिवार बिखर जाते है। शासन द्वारा समय समय पर नशा मुक्ति के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते है ताकि जनता जागरूक होकर नशे से मुक्ति पाए। देश और समाज के समग्र विकास के लिए नशा मुक्त होना समाज जरूरी है ग्राम करनकापा में नशा छोड़ चुके ग्रामीणों को प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम में रामकुमार कश्यप, सुभद्रा प्रमोद कौशिक सहित अन्य उपस्थित रहे।

## आदर्श गोंडवाना सामूहिक विवाह समारोह 26 को

**सरगांव।** केन्द्रीय गोंड महासभा मुंगेली के तत्वाधान में आदर्श गोंडवाना सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन 26 अप्रैल को बुढ़ादेव पथरिया में किया जाएगा।

- 35 जोड़े लेंगे फेरे, डिप्टी सीएम साव होंगे शामिल

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव शामिल होंगे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाज सेवक कौशल कुंजाम करेंगे। साथ ही अति विशिष्ट अतिथि के रूप में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बड़वानी मप्र सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री महेश गागड़ा, पाली विधायक तुलेश्वर मरकाम एवं सुभाष परते उपस्थित रहेंगे। सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारी के लिए गोंड महासभा मुंगेली जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र मरावी के नेतृत्व में बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। सामूहिक विवाह लिए इस वर्ष 35 जोड़ों ने पंजीयन कराया हैं, जिनको मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। गोंड महासभा के जिला मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार ध्रुव ने बताया कि आदर्श विवाह कार्यक्रम गोंड समाज की बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस कार्यक्रम में समाज के जोड़ो में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जो समाज के आने वाले समय के लिए बहुत अच्छा संकेत है। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारियों सहित ब्लॉक पदाधिकारी शैलेंद्र ध्रुव, गेंदराम नेताम, रामूलाल श्याम सहित आदि उपस्थित थे।



### खनिज का अवैध परिवहन करते 8 वाहन जब्त

**मुंगेली।** खनिज विभाग द्वारा जिले में 17 अप्रैल को अवैध खनिज परिवहन पर बड़ी कार्रवाई की गई। कलेक्टर के निर्देशानुसार यह कार्रवाई की गई, जिसमें कुल 8 वाहनों को अवैध खनिज परिवहन करते हुए जब्त किया गया। इनमें से 5 वाहन रेत और 3 वाहन मुरुम का अवैध परिवहन कर रहे थे। सरगांव थाना क्षेत्र में जब्त किए गए



04 ट्रैक्टर सीजी 28 जे 0435 रेत, चालक राघवेंद्र राजपूत, सीजी 28 ई 3654 रेत, चालक रमेश साहू, महिन्द्रा सोल्ड रेत, चालक रवि कौशल, स्वराज सोल्ड रेत, चालक दादू लाल साहू। पथरिया थाना क्षेत्र में जब्त किए गए 04 हाइवा सीजी 04 एमएस 6680 मुरुम, चालक कृष्णा गेंडेले, सीजी 25 पी 2817 मुरुम, चालक द्वारिका बघेल, सीजी 25 जी 6409 मुरुम, चालक सूरज घृतलहरे, सीजी 28 एस 7809 रेत, चालक चेतन लहरे। खनिज विभाग की यह कार्रवाई क्षेत्र में अवैध खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने की दिशा में एक सख्त कदम माना जा रहा है। सभी जब्त वाहनों को संबंधित थानों में रखा गया है एवं आगे की जांच प्रक्रिया जारी है।

## दो अलग-अलग स्थानों पर चोरी के मामले में 6 गिरफ्तार

**बेलतरा।** ग्राम अकलतरी निवासी गजानंद शर्मा व साश्वत शर्मा के सूने मकान में 3 अप्रैल की रात अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। चोरों ने घर का ताला तोड़कर धान, गेहूं, कांसे का बर्तन, चांदी की पायल, एलईडी टीवी व कम्प्यूटर की चोरी कर रफूचक्कर हो गए। मामले की शिकायत पर रतनपुर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया एवं थाना प्रभारी नरेश कुमार चौहान द्वारा विशेष टीम गठित कर चोरों पतासाजी शुरू की गई।



इसी दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम अकलतरी निवासी राजकमल धीवर के घर में चोरी का कुछ सामान रखा हुआ है। सूचना पर पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और संदेही को अभिरक्षा में लेकर सख्ती से पूछताछ की गई। इस दौरान उसने ग्राम अकलतरी के दो सूने मकानों में अपने दो अन्य साथी जीतू धीवर व अकबर खान के साथ चोरी करना स्वीकार किया, साथ ही आरोपी ने चोरी का सामान कोनी बिलासपुर में बेचने की जानकारी दी। मामले में पुलिस ने कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया। गिरफ्तार आरोपियों में राजकमल धीवर पिता बलराम धीवर उम्र 25 वर्ष निवासी धीव मोहल्ला अकलतरी थाना रतनपुर, जीतू धीवर पिता रामनाथ धीवर उम्र 20 वर्ष निवासी छोटी कोनी देहानपारा थाना कोनी बिलासपुर, अनिल कसेर पिता स्व मन्नू लाल कसेर उम्र 47 वर्ष निवासी छोटी कोनी देहानपारा थाना कोनी, अमन रात्रे पिता दीपक रात्रे उम्र 20 वर्ष निवासी छोटी कोनी देहानपारा थाना कोनी, विवेक साव पिता विजय साव उम्र 28 वर्ष निवासी छोटी कोनी देहानपारा थाना कोनी, अकबर खान पिता स्व लतीफ खान उम्र 45 वर्ष निवासी अशोकनगर, अटल आवासपारा सरकंडा बिलासपुर शामिल हैं। आरोपियों को कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया गया है।

### पोषण शक्ति योजना के तहत कुकिंग प्रतियोगिता


**पेंड्रा।** विकास खंड पेंड्रा मे 16 अप्रैल को विखं शिक्षा अधिकारी आरएन चंद्रा और विखं स्रोत समन्वयक आरके बघेल के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत विकासखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राथमिक शाला कुडकई से मां नर्मदा स्वसहायता समूह की रसोइया रामेश्वरी और रामकुवर, द्वितीय स्थान माध्यमिक शाला बालक नवागांव से जय मां काली स्वसहायता समूह की रसोइया चंद्रकला, चंपाबाई एवं तृतीय स्थान प्राथमिक शाला भाड़ी मां महामाया स्वसहायता समूह के रसोइया देव सिंह, सरिता ओट्टी ने प्राप्त किया।




विकास खंड पेंड्रा की ओर से प्रथम पुरस्कार 3 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 2 हजार रुपए एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में 1 हजार रूपए प्रदान किया गया। साथ ही चौथा और पांचवां स्थान प्राप्त करने वालों को 5 सौ रूपए नगद दिया गया। विकास खंड शिक्षा अधिकारी आरएन चंद्रा ने सभी को अपनी शाला में गुणवत्ता युक्त स्वच्छता आधारित पौष्टिक भोजन बच्चो को देने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर बीईओ और बीआरसी के समस्त स्टाफ, निर्णायक मंडल और सीएसी उपस्थित रहे।

## क्षेत्र के कुएं भी खो चुके हैं अस्तित्व

# गर्मी ने बढ़ाई पेयजल की समस्या सेतगंगा कुण्ड सूखने के कगार पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेतगंगा/मुंगेली

ग्राम पंचायत सेतगंगा में इन दिनों बढ़ी गर्मी के साथ-साथ पेयजल की गंभीर समस्या से लोगों की परेशानियां बढ़ा दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जैसे जैसे गर्मी तेज हो रही है, वैसे-वैसे परिक्षेत्र में पानी की किल्लत गंभीर रूप लेती जा रही है। तालाब नदी, कुआं, डबरी, कुंड सूखने लगी है वहीं हैंड पंप व बोर खनन का जल स्तर गिरते जा रहा है। लोगों के सामने पेयजल गंभीर होते जा रही है।

जनश्रुति अनुसार कालांतर में यहां जल श्रोत ऊपरी सतह पर होने के कारण तथा उसकी निर्मलता एवं पवित्रता के कारण मां गंगा के समान मानकर तपस्वी, साधकों ने श्वेतगंगा रखा होगा। जन मान्यता है कि बाजार क्षेत्र में स्थित मौत की कुआं व श्रीराम जानकी मंदिर के पास कुंड में जल श्रोत अधिकता होने के कारण कई बोरी सीमेंट डाल कर जल श्रोत बंद किया था। लेकिन इन दिनों यहां पेय जल की समस्या विकराल रूप ले रही है। ग्राम में एक तालाब, एक कुंड, टेसुआ नदी और लगभग दस कुआं था जो लगभग अपनी अस्तित्व खोने के कगार पर है सोनारिन तालाब में पानी गंदगी व आसपास के लोगों के द्वारा कचरा डाल देने और जल कुंभी उग आने के कारण पानी उपयोग लायक नहीं है। शासन प्रशासन की ओर से वर्षा की पानी को तालाब और नदी में संरक्षित करने का कोई प्रयास नहीं किया जाता और तालाबों का नियमित साफ-सफाई नहीं की जाती। परिणाम स्वरूप लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीण कन्हैया गुप्ता धन प्रसाद, खेदूराम ने बताया कि ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में लगभग 400 घरों में नल जल योजना के तहत नल कनेक्शन की गई है जिसकी स्थिति दयनीय है। ठेकेदार की लापरवाही और विभागीय अधिकारी की उदासीनता के कारण लोग परेशान हैं। वहीं वार्ड क्रमांक एक, दो, पांच, छह सात और तेरह और पंद्रह में पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है।

## नदी के गहरीकरण व सफाई के लिए दिया गया आवेदन



**लोरमी।** नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 10 मजगांव के निवासियों ने सुशासन तिहार के दौरान आवेदन देकर पानी की निस्तारी के लिए नदी का गहरीकरण एवं साफ-सफाई कराने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि भीषण गर्मी के चलते गांव के नदी नाले सूख गए हैं, जिससे लोग आम निस्तारी हेतु पानी के लिए तरस रहे हैं। साथ ही मवेशियों के लिए भी पानी की भारी किल्लत हो रही है। ग्रामीण पन्ना लाल तिवारी ने बताया कि ग्राम वासियों के समक्ष आम निस्तारी के लिए पानी की किल्लत हो रही है। नदी के नीचे का भाग रेतीला है, जहां जलस्त्रोत गहरा है। यदि नदी की साफ-सफाई की जाती है लोगों को आम निस्तारी के लिए पानी की समस्या से राहत मिलेगी।